हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 26.9 डिग्री


13 नलों में पानी का प्रेशर कम बोरवेल पर बिल्डर...






14 बूढ़ातालाब के नीलाम गार्डन में छाया अंधेरा, एंट्री पाइंट...




**खबर संक्षेप**

## सुनील होंगे प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश आयकर विभाग में पदस्थ प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर, डायरेक्टर स्तर के अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) नई दिल्ली ने



स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसके तहत प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स रायपुर वन प्रदीप कुमार हेडाऊ को पदोन्नत कर चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स इंदौर, प्रिंसिपल डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स (इन्वेस्टीगेशन) रायपुर सुनील कुमार सिंह को प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स वन रायपुर, कोलाकलूरी रवि किरन को प्रिंसिपल डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स ( इनवेस्टीगेशन) कमिश्नर इनकम टैक्स अपील रायपुर के श्रवण कुमार मीना को जबलपुर स्थानांतरित किया गया है। साथ ही राम तिवारी को कमिश्नर इनकम टैक्स अपील रायपुर बनाया गया है।

## ईओडब्ल्यू ने जिग्नेश को पूछताछ के बाद छोड़ा

**रायपुर।** 90 करोड़ रुपए से ज्यादा डीएमएफ घोटाला मामले में हिरासत में लिए गए पूर्व कनाडाई नागरिक मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी जिग्नेश पटेल को पूछताछ के बाद ईओडब्ल्यू ने छोड़ दिया है। साथ ही उन्हें पूछताछ के लिए दोबारा बुलाए जाने पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने हिदायत दी है। जिग्नेश रानू साहू का करीबी बताया जा रहा है, इस वजह से ईओडब्ल्यू ने उसे पूछताछ के लिए तलब किया था। जिग्नेश से ईओडब्ल्यू की टीम ने शुक्रवार को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की।

# दुकानदार बोले-वक्फ की नहीं संपत्ति, सलीम ने कहा- फर्जीवाड़े के सबूत, सीबीआई को सौंप सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर वक्फ बोर्ड ने बड़ा एक्शन लिया है। प्रदेशभर में 500 करोड़ की संपत्ति की फर्जी रजिस्ट्री की बात कहते हुए बोर्ड ने करीब 400 को नोटिस थमाकर जवाब मांगा है। इसमें राजधानी रायपुर के मालवीय रोड के भी कुछ व्यापारी भी शामिल हैं। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स, एवन बेकरी और सुप्रीम फूटवियर के मालिकों का कहना है, उनकी संपत्ति वक्फ की नहीं है। हमने इसका जवाब दे दिया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है, दुकानदारों के जवाब से हम संतुष्ट नहीं हैं, किसी ने भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं। अगर दुकानदार संपत्ति के वक्फ के न होने का दावा कर रहे हैं, तो जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार से मंजूरी लेकर ▶▶| शेष पेज 14 पर

**प्रदेशभर में 500 करोड़ की संपत्ति की फर्जी रजिस्ट्री पर वक्फ बोर्ड का एक्शन, थमाया है 400 को नोटिस**

### वक्फ की नहीं है संपत्ति

लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी कहते हैं, उनकी संपत्ति वक्फ की नहीं है। हमने करीब 26 सौ वर्गफीट जमीन दो बार में विष्णु सिन्हा से खरीदी थी। हमारी रजिस्ट्री में लिखा है कि यह जमीन वक्फ की नहीं है। विष्णु सिन्हा ने यह जमीन नूरजहां के वारिसों से खरीदी थी। पहले हमने श्री सिन्हा से एक दुकान ली थी, बाद में पूरा कांप्लेक्स ले लिया, जिसमें तीन दुकानें हैं। श्री वासवानी के मुताबिक मप्र के वक्फ बोर्ड की एनओसी भी ▶▶| शेष पेज 14 पर

### जाएंगे हाईकोर्ट

मालवीय रोड में जितनी भी दुकानों को नोटिस दिया गया है, उनमें से किसी की भी जमीन वक्फ की नहीं है। सभी दुकानदारों ने जवाब दे दिया है। इसके बाद भी अगर वक्फ कोई एक्शन लेता है, तो हम सब हाईकोर्ट जाएंगे।

- **राजेश वासवानी,** महामंत्री मालवीय रोड व्यापारी संघ

### कराएंगे सीबीआई जांच

दुकानदारों को अपने दस्तावेज पर अगर इतना ज्यादा भरोसा है, तो राज्य सरकार से मंजूरी लेकर इसकी सीबीआई जांच भी करा सकते हैं। हमारे पास भी सारे दस्तावेज हैं, तभी नोटिस दिया गया है।



- **डॉ. सलीम राज,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड

### किर्गिस्तान, रूस सहित कई देशों में पढ़ाई करने प्रदेश से हर साल जाते हैं सैकड़ों छात्र


# विदेशों में एमबीबीएस आसान, एफएमजी की परीक्षा कठिन, पहले प्रयास में फेल हो जाते हैं 80 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूक्रेन, रूस सहित दूसरे देशों में जाकर एमबीबीएस की पढ़ाई तो आसान है, मगर वापसी के लिए ली जाने वाली फॉरेन मेडिकल ग्रेज्युएट एक्जाम यानी एफएमजी की परीक्षा बेहद कठिन है। साढ़े पांच से छह साल की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र की पहले प्रयास में सफलता की दर महज 20 फीसदी है। यानी एफएमजी एक्जाम में 80 फीसदी पहली बार में फेल हो जाते हैं। उल्लेखनीय है कि नीट की परीक्षा में सफल होने के बाद भी राज्य के मेडिकल कालेज में प्रवेश नहीं पाने वाले सैकड़ों छात्र हर साल पढ़ाई के लिए दूसरे देशों का रुख करते हैं।

- छह साल की पढ़ाई पूरी करने का खर्च 35 से 40 लाख, एडमिशन के लिए नीट जरूरी

हाल में प्रदेश के 13 चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्नशिप के लिए 223 छात्रों को अनुमति मिली है, जिसमें से दर्जनभर एमएमजी छात्र दूसरे राज्यों से संबंधित हैं। चिकित्सा की पढ़ाई के लिए राज्य में काफी आकर्षण है और हर साल 40 हजार से ज्यादा विद्यार्थी नीट में शामिल होते हैं और 50 फीसदी पास होते हैं। राज्य के 13 मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की करीब 13 सौ सीटें हैं, जिसमें एडमिशन होने के बाद विद्यार्थियों के पास दूसरी कोशिश अथवा विदेश जाकर पढ़ाई का विकल्प रह जाता है। आर्थिक रूप से संपन्न सौ से सवा सौ विद्यार्थी विभिन्न देशों में जाकर डाक्टरी की पढ़ाई करते हैं। जानकार सूत्रों के मुताबिक वहां के कालेजों में साढ़े पांच से छह साल की फीस 30 से 35 लाख है। अन्य सुविधाओं पर होने वाले खर्च को मिलाकर राशि 40 से 45 लाख तक पहुंच जाती है। वहां की पढ़ाई तो आसानी से पूरी हो जाती है, मगर असली परीक्षा एफएमजी टेस्ट होता है, जो राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा साल में दो बार जून और दिसंबर में ली जाती है। परीक्षा इतनी कठिन होती है कि पहले प्रयास में सौ में केवल 20 विद्यार्थी सफल होते हैं। शेष लोगों को अपनी सफलता के लिए कई बार कोशिश करनी पड़ती।



अलग खबर

### किर्गिस्तान, रूस ज्यादा लोकप्रिय

सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारत से एमबीबीएस की पढ़ाई करने लिये छात्र दूसरे देश जाते हैं। सबसे ज्यादा लोकप्रिय देशों रशिया, किर्गिस्तान, फिलीपींस, चीन, जार्जिया, नेपाल, कजाकिस्तान और बेलारूस जैसे देश हैं। इसके अलावा आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके, यूएसएस और न्यूजीलैंड भी जाते हैं, मगर इनकी संख्या एक-दो से अधिक नहीं होती।

### कई कालेजों में एफएमजी टेस्ट की तैयारी

*सूत्रों के मुताबिक इंटर्नशिप के लिए होने वाला एफएमजी टेस्ट काफी कठिन होता है। इसे ध्यान में रखते हुए कई कालेजों में इस परीक्षा के लिए शुरुआती साल से ही तैयारी शुरू कराई जाती है। किर्गिस्तान के मेडिकल कालेजों में यह प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसका फायदा भी चिकित्सा छात्रों को मिलता है और उनकी सफलता की दर अधिक होती है।*

### डाक्टर बनने इंटर्नशिप जरूरी

*विदेश में पढ़ाई करने वाले चिकित्सा छात्रों में देश के मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप करना जरूरी होता है। इसके लिए बाकायदा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा काउंसिलिंग की जाती है। राज्य में एफएमजी विद्यार्थियों के लिए करीब 5 सौ सीटें हैं। इस अवधि के दौरान उन्हें स्टाइपेंड भी दिया जाता है। इंटर्नशिप पूरा होने के बाद ही उनका मेडिकल काउंसिल में पंजीयन किया जाता है।*

## नान घोटाला जांच को प्रभावित करने सबूतों से छेड़छाड़, सीबीआई जांच में जुड़ सकते हैं और कई नाम

- सीबीआई ने छापे की कार्रवाई को लेकर बयान जारी कर दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ष 2015 के नान घोटाला मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को की गई छापे की कार्रवाई को लेकर शनिवार को एक बयान जारी किया है। सीबीआई ने अपने बयान में तीन सीनियर अफसर जिनमें तत्कालीन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, तत्कालीन संयुक्त सचिव अनिल टूटेजा और तत्कालीन महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज करने की जानकारी दी है। तीनों पर जांच प्रभावित करने का आरोप है। सीबीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक तीनों के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़, गवाहों पर दबाव बनाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की ▶▶| शेष पेज 14 पर

### जांच को कमजोर करने साक्ष्य मिले

तीनों अफसरों के खिलाफ अपने पद में रहते हुए नान घोटाले की जांच प्रभावित करने का आरोप है। इस संबंध में ईडी तथा ईओडब्लू की कार्रवाई तथा आयकर विभाग ने जिन डिजिटल सबूतों को जब्त किया था, उन सबूतों को डॉ. शुक्ला, टूटेजा तथा सतीष चंद्र वर्मा ने कमजोर करने जो कोशिश की थी। इस संबंध में सीबीआई को महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं।







## खबर संक्षेप



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

**आरंग।** शनिवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिला व ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व नगद राशि भेंटकर पुरस्कृत किया गया। ब्लाक समन्वयक जगमोहन चंद्राकर ने बताया इस वर्ष रायपुर जिला से करीब सत्ताइस हजार व आरंग विकासखंड से 6 हजार छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस मौके पर जिला समन्वयक रामपाल तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा की सभ्यता, संस्कृति व संस्कार मानव जीवन का मूल है।

## निधन

### नर्मदा साहू



**आरंग।** ब्लॉक कॉलोनी आरंग निवासी नर्मदा साहू पति स्व. चैतराम साहू पूर्व विधायक का निधन 18 अप्रैल को हो गया। वे अवधराम, राजेश पूर्व पार्षद, कौशल की माता थी और अभ्युदय, अभिनव की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित हुए।

# 156.30 लाख रुपए के नवीन गौरव पथ का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर हाईवे से एसडीएम कार्यालय तक 156.30 लाख की स्वीकृत नवीन गौरव पथ का भूमिपूजन विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा किया गया। यह मार्ग बनने से अभनपुर मुख्यालय के समस्त कार्यालय के लिए आवागमन की सुलभ सुविधा उपलब्ध होगी, यह बहुप्रतिक्षित मांग काफी दिनो से लोग करते आये है खासतौर पर वार्ड नंबर 15 के लोगों को इस मार्ग के बनने से आवागमन आसान हो जायेगा। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि आप सभी की मेहनत व सहयोग से नगर पालिका मे एक अच्छा रोड का निर्माण हो रहा है, विकास की दिशा में एक नया आयाम जुड़ रहा है आने वाले समय मे नेशनल हाईवे 30 से बिजली ऑफिस होते हुये मार्ग का टेंडर हो चुका है, आने वाले समय में गौरवपथ का निर्माण होना है, अभनपुर नगर पालिका को व्यवस्थित बनाने के लिए जनहित के कार्यो में सभी पार्षद व आम नागरिक को मिलकर काम करना होगा, बहुत से कार्य राजनीति के चलते अवरूद्ध हो जाता है, मै नहीं चाहता कि अभनपुर का विकास किसी भी राजनीति के चलते अवरूद्ध हो भले ही हम ग्रमीण क्षेत्र से आते है लेकिन सभी का कार्यक्षेत्र अभनपुर है,अभनपुर हमारा आत्मा है इसी के अनुरूप सिटी डेवलपमेंट अभनपुर के लिए पांच साल के विकास कार्यो के लिए 114 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है, नगरवासियों के सोच के अनुरूप अभनपुर विकसित हो सभी मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध रहने पर यहां की बसाहट बढ़ेगी लोगों का व्यापार, व्यवसाय भी बढ़ेगा।

■ वार्ड नंबर 15 के लोगों को मार्ग बनने से आवागमन में होगी आसानी





अभनपुर राजधानी मुख्यालय का सबसे नजदीक शहर है इस क्षेत्र में मोदी जी की गारंटी के तहत बड़ी बड़ी योजनाएं आ रही है, अभी मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिली है जिसके लिए 125 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, लेकिन हमारे नगर पालिका मे एक साथ इतनी भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण, मुख्यमंत्री से मांग कर अभनपुर सीमा में ही एनआरडीए क्षेत्र की भूमि आवंटित करने के लिए बात चल रही है, जिससे अभनपुर क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इस अवसर पर जपं. अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद रानू राठी, नीलक मल गिलहरे, मीना साहू, पूर्व उपाध्यक्ष किशन शर्मा, पूर्व पार्षद राजा राय, शिवनारायण बघेल, हरीश पांडे, शिवपूजन गुप्ता, पीडब्लूडी एसडीओ श्री वैद्य, कान्ट्रेक्टर व विभाग इंजीनियर आदि लोग उपस्थित रहे।

# मोर दुआर-साय सरकार आवास प्लस के तहत विधायक गुरु खुशवंत ने किया खोरसी में सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोरसी में /"मोर दुआर-साय सरकार/" अभियान के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 का पखवाड़ा जोरों से चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में "मोर आवास मोर अधिकार" की भावना को साकार करने हेतु यह महाअभियान प्रदेशव्यापी रूप से तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। इस अभियान के प्रथम चरण में आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) गुरु खुशवंत साहेब ने स्वयं ग्राम पंचायत खोरसी पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस सर्वेक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने पात्र हितग्राहियों के घरों तक पहुँचकर सांकेतिक रूप से सर्वे भी किया और ग्रामीणजनों से सीधे संवाद स्थापित किया। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह अभियान केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से पहुँचाना है। उन्होंने सर्वे कार्य में लगे कर्मचारियों को शत-प्रतिशत सर्वे पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया तथा स्थानीय लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें। गांव के लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा घर-घर जाकर की जा रही यह कार्यप्रणाली वास्तव में जन सरोकार की सच्ची मिसाल है।

# युवा मोर्चा नेता के खिलाफ मामला दर्ज



**आरंग।** भाजपा सरकार के इशारे मे नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर झूठा एवं मनगढ़त आरोप-प्रत्यारोप लगाकर. कांग्रेस को बदनाम करने के नियत से राहुल गांधी, सोनिया गांधी के खिलाफ युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन और राजीव भवन घेराव कार्यक्रम रखा। घेराव के दौरान राजीव भवन मे कालिख पोतने के खिलाफ कांग्रेसियों ने मोर्चा खोल दिया और थाना में 3 घंटा प्रदर्शन करते रहे। पुलिस प्रशासन ने जब ठोस कदम नहीं उठाया, तो प्रदर्शनकारी थाना के सामने सड़क पर उतर आए और चक्का जाम कि स्थिति बना दी। मामला शांत नहीं होने पर पुलिस आल्हा अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला आरंग पहुंच कर प्रदर्शनकरियों से मिलकर मामला को शांत करते हुए एफ.आई.आर. दर्ज करने आदेशित किए। जिस तरह से राजीव भवन का प्रदर्शन और कालिख पोतने की घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है यह प्रदर्शन कर रहे नेतृत्वकर्ता और उनके टीम के खिलाफ यह बड़ा प्रश्न चिन्ह है। आखिर ऐसे कृत्य घटना को अंजाम देने वाले राजीव भवन में कालिख पोतने वाले युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कांग्रेसियों ने भाजपाईयों को मुहतोड़ जवाब दिया।

# भाजयुमो ने घेरा कांग्रेस कार्यालय राहुल-सोनिया गांधी का फूंका पुतला



**तिल्दा नेवरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेत्तृत्व के आह्ववाहन पर नेशनल हेराल्ड मनी लॉनड्रिंग घोटाला मामले में ED द्वारा राहुल गांधी, सोनिया गांधी एवं अन्य कांग्रेसियों पर PMLA के तहत चार्टशीट दाखिल किया गया जिसमें 750 करोड़ भ्रष्टाचार घोटाले मे सोनिया गाँधी एवं राहुल गांधी को संलिप्त पाया गया। जिसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष श्री फ़नेंद्र भूषण वर्मा के नेतृत्व में जिला युवा मोर्चा के सैंकड़ों कार्यकर्ता के साथ आरंग स्थित राजीव गांधी कांग्रेस कार्यालय का घेराव एवं साथ ही राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन किया गया एवं उनकी गिरफ्तारी कि मांग कि गयी एवं जिला अध्यक्ष फनेन्द्र वर्मा ने बताया ऐसे सैकड़ो घोटाले केंद्र सरकार मे रहते हुए कांग्रेस ने किये है जिसमे हर एक घोटाले मे राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी संलिप्त है कांग्रेस पार्टी एक भ्रष्टाचारी नेताओं से संलिप्त पार्टी है जिसका पर्दाफाश हो चूका है इसलिए जनता इनको सभी जगह नकार चुकी है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, गोपाल वर्मा एवं राजा तम्बोली, दिनेश चंद्राकर, सुनील नेभवानी, राकेश सोनकर, ज्ञान प्रकाश चंद्राकर, मुकुंद मेश्राम, गौरव शर्मा, गजेंद्र यादव, वेद प्रकाश देवांगन, महेश यदु, मुकेश वर्मा, दिलराज छाबड़ा, खुलेश साहू, यशपाल लोधी, प्रफुल साहू, सागर साहू, सहित तिल्दा नेवरा से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# मौहागांव में खाद्य सुरक्षा का उल्लंघन चावल में मिलावट का मामला उजागर






**सिलयारी।** धरसींवा ब्लाक मुख्यालय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मौहागांव से बड़ा मामला सामने आया है। जहां शासकीय उचित मूल्य दुकान में भारी अनियमितता सरकार की योजना अंतर्गत वितरित किए जा रहे मुफ्त चावल में रेत, कंकड़ , मिलावट का गंभीर मामला सामने आया है। यह मामला 3 से 4 माह से मिलावटी चावल का वितरण किया जा रहा था ग्रामीणों ने सेल्स मैन से शिकायत करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा था जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने इसी जानकारी जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी को दी गई। सूचना पर जयाज लेने शनिवार को जिला पंचायत सदस्य व सरपंच डिकेश्वरी वर्मा, जनपद सदस्य ईश्वरी भारती, उपसरपंच कैलाश बांधे, पंच चंपक गिलहरी, मितानिन कुमारी बाई कोसले, ग्रामवासी सुरेश वर्मा, अमरचंद गिलहरी, अशोक कुमार गिलहरी, बिहारी लाल भारती, तथा समस्त मौहागांव ग्रामवासियों सहित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में चावल की बोरियों की जांच में चावल में घटिया व मिलावटी सामग्री पाए जाने की पुष्टि हुई है। इस पर जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई करने एवं दोषियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। साथ ही मौहागांव के ग्रामवासियों से अपील की है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की कोई गड़बड़ी पाई जाए तो उसकी सूचना तुरंत पंचायत कार्यालय या संबंधित अधिकारियों को दें।

# भानसोज के रोहन ने मिस्टर फेस ऑफ द नेशन का खिताब किया अपने नाम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



महाराष्ट्र और गोवा की खूबसूरत वादियों में हाल ही में आयोजित भारत की सबसे बहुप्रतिक्षीत ब्यूटी प्रेजेंट प्रतियोगिता एवम उत्कृष्टता पुरुस्कार कार्यक्रम गोवा की धरती पर सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन फैब क्रिएटर्स एंटरटेनमेंट ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड और याहोवा यिरे फाउंडेशन द्वारा आयोजित और ग्लोबल इवेंट मैनेजमेंट द्वारा प्रायोजित था। थाईलैंड से सेलिब्रिटी गेस्ट विजेता मिस्टर वर्ल्ड फिलँथ्रोपिस्ट गुजरात से प्रणव जीनागर और पिछले सीजन की विजेता और गोवा फैशन वीक की ब्रांड एंबेसडर मिस ताजुन निसा अली की उपस्थिति में यह सुनहरी शाम थी। कार्यक्रम के निर्देशक फ़िरोज़ आलम सैय्यद थे। मिस और मिस्टर कैटेगरी के लिए कोरियोग्राफी और तैयारी जाने-माने कोरियोग्राफर शान मिर्जा और हर्ष मिर्जा द्वारा की गई और बैकस्टेज सपोर्ट इमरान अंसारी ने दिया। पूरे भारत से 25 प्रतियोगियों ने भाग लिया। मिस कैटेगरी में 2 विजेता बराबरी पर रहे, इसलिए 2 विजेताओं की घोषणा की गई। मिस्टर का खिताब हासिल करने में कैटेगरी के विजेता रोहन धीवर रायपुर, प्रथम रनरअप हैरी नागपुर, द्वितीय रनर अप साहिल कालबेले नागपुर और शजीबुद्दीन नागपुर के लिए मिस्टर फैशन आइकन विशेष खिताब पाया। विदित हो कि उक्त प्रतिष्ठित प्रतियोगिता /"मिस्टर एंड मिस फेस ऑफ द नेशन/" में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले की आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत भानसोज के एक होनहार युवा रोहन पिता अर्जुन धीवर ने मिस्टर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य का नाम गौरवान्वित किया। देशभर के प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद भानसोज (रायपुर) के इस युवा ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, मंच पर प्रस्तुति और संवाद शैली के दम पर निर्णायकों को खासा प्रभावित किया। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों मे टैलेंट राउंड, इंटरव्यू और रैम्प वॉक में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्णायकों की सराहना पाई। आयोजन स्थल पर फैशन इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं, जिन्होंने प्रतियोगिता को मूल्यांकन के उच्च मानकों पर परखा। रायपुर के इस युवा की जीत न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। प्रतियोगिता के बाद मीडिया से बात करते हुए विजेता ने कहा, /"यह उपलब्धि मेरे राज्य और परिवार को समर्पित है। मैं भविष्य में छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में एक मार्गदर्शक बनना चाहता हूं। उनकी इस सफलता से रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर है।

# विषयवार शैक्षिक गुणवत्ता में हो सुधार : बीईओ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय प्राचार्यों की बैठक आहूत की गई। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल के निर्देशों का उल्लेख करते हुए बीईओ शर्मा ने कहा कि कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के कमजोर छात्रों पर फोकस किया जाना है, ताकि विषय वार उनके शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हो और वह बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर सके। उन्होंने सभी प्राचार्यगण को प्रेरित करते हुए कहा कि कमजोर विद्यार्थियों के लिए मोटिवेशन, ग्रुप स्टडी, रटन पद्धति को छोड़कर समझ के साथ पढ़ने की कला, अपने शब्दों में लिख पाने का अभ्यास, एकाग्रता, खेल-खेल में रोचक गतिविधि के साथ शिक्षण, आदि कई बिंदुओं पर फोकस किया एवं कई उदाहरण प्रस्तुत किया की कैसे कमजोर विद्यार्थी भी शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका से सफलता की कहानी लिख पाता है। वही प्राचार्यगणों ने कमजोर विद्यार्थियों की संख्या प्रस्तुत करते हुए आगामी अपनी कार्य योजनाओं की विषयवार जानकारी दी। सहायक जिला परियोजना मिशन समन्वयक अरुण शर्मा ने कहा की किसी बच्चे के प्रति यह धारणा न बनाएं कि वह कमजोर ही है केवल लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए बेहतर कार्य शैली अपनाए। उन्होंने निपुण भारत अभियान, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, स्कूल रेडीनेस प्रोग्राम, अरली चाइल्ड केयर एजुकेशन एवं छत्तीसगढ़ शासन की कई शैक्षिक योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, प्राचार्यगण श्रीराम बंडारू, श्रीराम निषाद, राज्यश्री गुप्ता, एस.के. उपरडे, सरोजनी केरकेट्टा, आर.पी. साहू, माणिक लाल मिश्रा, हरीश शर्मा, लता चंदेल, एस.आर. धृतलहरे, इंद्रजीत बिंद, रवि शर्मा, अंजली बखला, सरोजनी तिग्गा, प्रेमशिला एक्का, देवलाल साहू आदि पीएलसी ग्रुप सदस्यगण, संकुल समन्वयकगण हरीश दीवान, प्रहलाद शर्मा, होरीलाल पटेल, डोमन डहरिया, लोकनाथ साहू, अरविंद वैष्णव, मनोज मुछावर आदि की उपस्थिति रही।

# भानसोज के मां शीतला मंदिर में प्रतिमा प्राण -प्रतिष्ठा आज



**आरंग।** ग्राम भानसोज में मां महामाया, दुर्गा एवं समस्त देवी देवताओं के असीम कृपा एवं आशीर्वाद से नवनिर्मित मां शीतला मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को पहले दिन कलश यात्रा, पंचांग पूजा, गौरी गणेश कलश स्थापना दूसरे दिन शनिवार को वेदी पूजन, अन्नाधिवास, शयनाधिवास व तीसरे व अंतिम दिन रविवार को शिखर कलश स्थापना, गर्भगृह पूजन, प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूर्णाहुति पश्चात महाप्रसादी वितरण पश्चात शाम 4 बजे से जय महामाया जस जगराता ग्रुप, मंदिर हसौद (टोमन वर्मा एवं ग्रुप) की प्रस्तुति होंगी। अशोक साहू ने बताया कि पूरे कार्यक्रम आचार्य अभिषेक शर्मा ग्राम भानसोज, आचार्य देवेन्द्र दुबे, ब्रम्हलीन पवन दीवान आश्रम राजिम की मौजूदगी में सम्पन्न होगा।

## सीजीएमएससी के नए अध्यक्ष दीपक म्हस्के ने संभाला पदभार

**आरंग।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) के नव नियुक्त अध्यक्ष दीपक म्हस्के के पदभार ग्रहण के बाद शनिवार को नगर पालिका आरंग के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, आरंग बीजेपी मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू तथा जनपद पंचायत आरंग अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू ने सौजन्य भेट कर नये दायित्व के लिए बधाई दी और कहा कि आप प्रदेश के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर आरंग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बारे में अवगत कराते हुए हॉस्पिटल के विकास को लेकर भी चर्चा की।

### आम सूचना

**मैं, लक्ष्मण नेगी (आधार क्रमांकः 4050 0247 6385)**, पिता श्री छेडू राम नेगी, पता - मकान नम्बर-158, स्ट्रीट-31, अविनाश केपिटल होम्स, फेस-2, सड्डू, रायपुर (छ.ग.) 492014 का हूँ जो कि मैं यह प्रेस विज्ञप्ति अपने हस्ताक्षर के तहत इस आशय की जारी प्रदान कर रहा हूँ कि, दिनांक 19.04.2025 को दैनिक समाचार पत्र, दैनिक भास्कर, रायपुर संस्करण में श्री बालाजी बिल्डर्स का एक पूरे पेज का विज्ञापन/ प्रमोशन प्रकाशित हुआ है, जिसमें व्यवसायिक चैनल पार्टनर शीर्षक के तहत मेरे नाम से यह उल्लेखित किया गया हैं कि मैं श्री बालाजी बिल्डर्स, रायपुर (छत्तीसगढ़) के डायरेक्टर श्री विजय यादव जी के साथ मिलकर रियल इस्टेट का काम कर रहा हूँ तथा हमारे काम से हमारे ग्राहक काफी संतुष्ट हैं क्योंकि हम मेहनत और ईमानदारी से काम करते हैं। उक्त विज्ञापन/ प्रमोशन के तहत प्रकाशित उक्त विवरण के बाबत मैं यहाँ यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि, मैं आज दिनाँक को केवल अष्टविनायक रियल्टीज़ नामक संस्था जिसके सी. एम. डी. श्री संतोष लोहाना हैं के साथ जुड़कर रियल इस्टेट के व्यवसाय अर्थात प्लॉट, मकान, दुकान, कार्यालय आदि की खरीदी एवं बिक्री का कार्य उनके लिये संपादित करता हूँ। मैं उक्त अष्टविनायक रियल्टीज़ के अलावे किसी भी अन्य ग्रुप/ संस्था/ व्यक्ति के साथ प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से, रियल इस्टेट का व्यवसाय अथवा रियल इस्टेट के मार्केटिंग का कार्य नहीं कर रहा हूँ। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि किसी सद्भावी भुलवश अथवा गल्तफहमी के चलते मेरा नाम को लेकर उपरोक्त उल्लेखित वक्तव्य का प्रकाशन श्री बालाजी बिल्डर्स के उक्त विज्ञापन/ प्रमोशन में हो गया है। इतना ही नहीं उक्त विज्ञापन/ प्रमोशन में मेरी जो फोटो छपी हैं, वह फोटो भी मेरे अष्टविनायक रियल्टीज़ की ओर से संचालित हुए दुबई टूर की हैं। मैं यहाँ यह भी उल्लेख करना आवश्यक समझता हूँ कि, उक्त दिनाँक 19.04.2025 के दैनिक समाचार पत्र, दैनिक भास्कर, रायपुर संस्करण में उक्त अष्टविनायक रियल्टीज़ का भी विज्ञापन/ प्रमोशन प्रकाशित हुआ है, जिसमें मेरा नाम स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है क्योंकि मैं उक्त अष्टविनायक रियल्टीज़ के साथ विगत 7-8 वर्षो से जुड़कर उक्त श्री संतोष लोहाना के मार्गदर्शन में रियल इस्टेट के मार्केटिंग का कार्य संचालित करते चले आ रहा हूँ।

**दिनाँक 19.04.2025**
**स्थान - रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**लक्ष्मण नेगी**
**पिता श्री छेडू राम नेगी**

### // आम सूचना //

कृषि भूमि स्थित ग्राम- सोनपुर, प.ह.न. 36, रा.नि.मं.- पाटन, तहसील-पाटन व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसका रकबा 0.4600 हे. (शून्य दशमलव चार छः शून्य शून्य) भूमि, जो कि खसरा नं. 267/2 (दो सौ सड़सठ बटा दो) है के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामीगण श्री मनहरण पिता श्री देवनाथ, श्री छन्नू लाल पिता श्री देवनाथ, श्री दशमत पिता श्री देवनाथ तीनों निवासी-ग्राम- सोनपुर, खम्हरिया, तहसील- पाटन व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम-सोनपुर, प.ह.न. 36, रा.नि.मं.-पाटन, तहसील-पाटन व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसका रकबा 0.4600 हे. (शून्य दशमलव चार छः शून्य शून्य) भूमि, जो कि खसरा नं. 267/2 (दो सौ सड़सठ बटा दो) है को मेरे पक्षकार श्री प्रशांत जैन पिता श्री मिश्रीलाल जैन निवासी- 583/4, वर्धमान स्कूल के पास, कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 7489574891 ने क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया है अब केवल उपरोक्त भूमि स्वामि को विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर विक्रय-विलेख (बैनामा) का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित भूमि को उपरोक्त विक्रेता से क्रय करने का सौदा हो चुका है यदि किसी आम जनता, आस-पास के भूमि धारक, व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, संस्था, बीमा संस्था, कंपनी, ट्रस्ट, साहूकार, शासकीय संस्था, अर्धशासकीय संस्था, निजि संस्था एवं अशासकीय विभाग आदि को उपरोक्त संव्यवहार से, किसी को आपत्ति हो या कोई लेना-देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति व दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे दिये गये पते में आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें समयावधि उपरांत उक्त भूमि का विक्रय-विलेख (बैनामा) का निष्पादन एवं पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 19.04.2025

संदेश कुमार बिसेन,
टी. एस. सेठ
(अधिवक्तागण)
मो. 9303040626, 9827482410

### नाम सुधार संबंधी सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अंजलि पटेल, पिता श्री भगतराम पटेल, पति श्री विवेक पटेल,( ANJALI PATEL, D/O MR BHAGATRAM PATEL, W/O MR VIVEK PATEL) निवासी मकान क्रमांक 401, ब्लॉक ए-1, वालफोर्ट इन्क्लेव 2, पचपेडी नाका, रायपुर (छत्तीसगढ़), यह घोषणा करती हूं कि मेरे पासपोर्ट क्रमांकः Z3787561, जो दिनांक 14.10.2016 को अहमदाबाद (गुजरात) से जारी किया गया था, उसमें मेरा नाम अंजलि भगतराम(ANJALI BHAGATRAM) दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है।

मेरा सही नाम अंजलि पटेल, पति श्री विवेक पटेल, (ANJALI PATEL, W/O VIVEK PATEL) है, और मैं अब से सभी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी, शैक्षणिक, बैंकिंग एवं अन्य सभी दस्तावेजों व अभिलेखों में अंजलि पटेल (ANJALI PATEL) नाम से ही जानी और पहचानी जाऊंगी।

यह घोषणा सर्वसंबंधितों की जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु की जा रही है।

**ANJALI PATEL**
**C/O VIVEK PATEL**
**FLAT NO -401, BLOCK -A1, WALL-FORT ENLCAVE II, PACHPEDI NAKA, RAIPUR (CG)**

# आंगनबाड़ी केंद्र देवरी में मनाया पोषण पखवाड़ा



**आरंग।** आरंग विधानसभा के सेक्टर रानीसागर के आंगनबाड़ी केंद्र देवरी में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना अधिकारी ऋषि बंजारे एवं सेक्टर पर्यवेक्षक अंजू एक्का के दिशा निर्देश में पोषण पखवाड़ा का आयोजन समस्त आंगनबाड़ी केंद्र में 8 से 22 अप्रैल तक आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग दिन अलग-अलग गतिविधियो का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा में थीम के अनुसार एनीमिया जागरूकता में संवेदीकरण के बारे में चर्चा की गई। इसमें एनीमिया और उसकी रोकथाम के बारे में भी बताया गया। साथ ही पोषण प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया व रेडी टू ईट के उपयोगिता के विषय मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जानी चन्द्राकर, प्रियंका साहू, सहायिका सेवती, संतोषी, सचिव शिव कुमार साहू, पंच दुलारी साहू, ग्रामवासी ललिता साहू, निर्मता निर्मलकर, उषा किरण, त्रिवेणी, केवरा, कीर्ति, कल्याणी एवं केन्द्र के सभी बच्चे, गर्भवती माताएं, समूह की महिलाए व अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।



**किरण देव की टीम में होगा बड़ा बदलाव, कार्यकारिणी के दो दर्जन पदाधिकारियों को मिल गए हैं नए पद**

# निगम-मंडल की दूसरी सूची के बाद बनेगी प्रदेश भाजपा की नई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर अभी और इंतजार करना होगा। एक तो संगठन में पहले मंडल और फिर जिलों की कार्यकारिणी को पूरा करना है। इसी के साथ प्रदेश सरकार निगम, मंडल की एक और सूची जारी करने वाली है। इस सूची में भी प्रदेश संगठन के कई नेताओं को पद मिल सकते हैं। ऐसे में तय है कि इस सूची के बाद ही प्रदेश की नई टीम बनेगी। प्रदेश संगठन की नई टीम में बड़ा बदलाव तय है, क्योंकि प्रदेश की टीम के करीब दो दर्जन नेताओं को निगम, मंडल में पद मिल गए हैं। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।



### मंडल, जिलों पर पहले फोकस

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। इस समय मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम हो रहा है। इसका काम पूरा होने के बाद भाजपा ने 36 संगठन जिलों में कार्यकारिणी बनेगी। इस माह के अंत तक मंडल और जिलों की कार्यकारिणी के पूरे होने की संभावना है।

## दो दर्जन पदाधिकारियों को मिल गए नए पद

किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चार प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, नीलू शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हस्के, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, तीन संभाग प्रभारी रायपुर के सौरभ सिंह, सरगुजा के राजा पांडेय, बिलासपुर के अनुराग सिंहदेव, प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य और पुराने दिग्गज नेता रामप्रताप सिंह, रामसेवक पैकरा, राजीव अग्रवाल, श्रीनिवास मद्दी, लोकेश कावड़िया, चंद्रकांति वर्मा, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक, राकेश पांडेय को निगम, मंडल में पद मिले हैं। इनके स्थान पर नए चेहरों को कार्यकारिणी में मौका मिलेगा। इसी के साथ निगम, मंडल की दूसरी सूची में भी जिनको पद मिलेंगे, उनके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय आज जशपुर जिले के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.55 बजे रायपुर स्थित निवास से रवाना होंगे और दोपहर 1 बजे पुलिस ग्राउंड पहुंचेंगे। इसके बाद वे हैलीकॉप्टर से जशपुर रवाना होंगे। दोपहर 2.25 बजे बलरामपुर के सरना एथनिक रिजॉर्ट पहुंचेंगे। जहां वे एक घंटे तक रुकेंगे. उसके बाद फि1र जशपुर लौटेंगे और रायपुर के लिए रवाना होकर शाम 4.55 बजे मुख्यमंत्री निवास लौटेंगे। शाम 7.50 बजे वे टीआईपी चौक स्थित होटल बेबीलॉन कैपिटल पहुंचेंगे और एक घंटे के कार्यक्रम के बाद 9.10 बजे मुख्यमंत्री निवास लौटेंगे।

### टेमरी में निशुल्क मेडिकल कैंप आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा विशाल निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर माना ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेमरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में 20 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। कैम्प में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रायपुर के सबसे बड़े हास्पिटल में एक एमएमआई अस्पताल के विशेषज्ञ डाक्टर्स जिनमें हृदय रोग, कैंसर रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, मेडिसिन, नाक, कान, गला विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ के अलावा जनरल बीमारियों के डॉक्टर भी उपस्थित रहेंगे। मेडिकल कैम्प में रायपुर के अरबिंदो नेत्रालय की मोबाइल वैन और नेत्र रोग विशेषज्ञ, सराफ डेंटल क्लीनिक की मोबाइल वैन और दंत रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस विशाल निशुल्क मैडिकल कैंप छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी, विधायक मोतीलाल साहू, माना नगरपालिका अध्यक्ष संजय यादव, रामगढ़िया सेवा समिति के अध्यक्ष बलदेव सिंह भुई विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### श्रीराम सेना ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**रायपुर।** भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम सेना छत्तीसगढ़ द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्रीराम चौक नेहरू नगर से निगम मुख्यालय, टिकरापारा बिजली ऑफिस होते हुए वापस कालीबाड़ी चौक में जाकर समाप्त हुई। यह जानकारी श्रीराम सेना महानगर अध्यक्ष शक्ति दुबे ने देते हुए बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीराम सेना छत्तीसगढ़ संस्थापक प्रदेश संयोजक श्रवण अन्नू रक्सेल ने भगवा ध्वज लहराकर किया। इस अवसर पर श्रीराम सेना जिला रायपुर अध्यक्ष जितेश सोनानी, महानगर उपाध्यक्ष बंटी महाराज, अभिषेक, कमलेश, नगर अध्यक्ष संजू गुप्ता, हर्ष सोनी एवं समस्त पदाधिकारी आदि सैकड़ों सैनिक शामिल हुए।

**समाज ने कांग्रेस पार्टी को दिया था 24 घंटे का अल्टीमेटम, फैसला नहीं बदलने पर फूटा गुस्सा**

# संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष से हटाने के विरोध में राजीव भवन के सामने साहू समाज ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस पार्षद और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष पद से संदीप साहू को हटाने पर छत्तीसगढ़ में साहू समाज का विरोध तेज हो गया है। पार्टी के इस फैसले के खिलाफ आक्रोशित साहू समाज के पदाधिकारियों ने शनिवार को राजीव भवन के सामने जमकर प्रदर्शन किया। हाथों में बैनर पोस्टर लिए समाज के लोगों ने नारेबाजी भी की। इससे पहले साहू समाज ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन समय सीमा पूरी होने के बाद भी फैसला नहीं बदले जाने पर इसकी नाराजगी राजीव भवन के सामने गुस्से के रूप में फूट पड़ी। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया।

दरअसल, गत माह कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम में वीर सावरकर वार्ड के पार्षद संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया था। निगम बजट के दौरान श्री साहू ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूरी दमदारी से सदन के समक्ष अपनी बात रखी। सत्ता पक्ष को अपने सवालों से निरूत्तर करते हुए उन्होंने सदन में धाक जमाई। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में उनके नाम की पट्टिका लगने के साथ ही उनके पदभार की तैयारी भी चल रही थी, लेकिन एकाएक अब पार्टी ने उनसे बिना चर्चा किए और जानकारी दिये संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष पद से हटा कर बागी नेता आकाश तिवारी को नया नेता प्रतिपक्ष बना दिया है। इस बदलाव को लेकर पार्टी की ओर से न तो कोई स्पष्ट कारण बताया गया और न ही किसी प्रकार की सूचना दी गई। इस फैसले को साहू समाज के न केवल संदीप साहू का, बल्कि पूरे समाज के आत्मसम्मान पर हमला बताया है। समाजजनों का कहना है कि संदीप साहू न केवल पार्टी के जमीनी कायकर्ता रहे हैं, बल्कि उन्होंने हर हमेशा जनता के लिए काम किया है। दो बार निगम चुनाव जीतने वाले युवा नेता को इस तरह से हटाया जाना अलोकतांत्रिक है। शनिवार को साहू समाज के लोग कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन पहुंचे और सड़क पर बैठकर पार्टी के फैसले का विरोध किया। साहू समाज की ओर से मांग की गई कि पार्टी तुरंत अपना फैसला वापस ले और संदीप साहू को फिर से नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष बनाया जाए। प्रदर्शन कर रहे कुछ पदाधिकारियों को पुलिस ने मौके पर हिरासत में लिया। इसके बाद भी प्रदर्शन जारी रहा। समाज के लोगों का कहना है अगर पार्टी ने जल्द फैसला नहीं बदला तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। हरदिहा साहू समाज के जिला अध्यक्ष विनय साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज साहू, झेरिया साहू समाज के जिला अध्यक्ष केशवराम साहू, युवा प्रकोष्ठ के देवदत्त साहू, लीलाधर, बंटी साहू, साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के सलाहकार प्रदीप साहू, क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




## प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने सिविल सोसाइटी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कानून व्यवस्था की भयावह स्थिति एवं हिंदू जेनोसाइड पर जताई चिंता

पश्चिम बंगाल में कानून की भयावह स्थिति और हिंदुओं पर हो रहे हमले को देखते हुए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने इस मामले में राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित किया है। उनका तर्क है कि राज्य प्रशासन संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल हो रही है।

छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने पत्र में उल्लेख किया है कि पश्चिम बंगाल में संगठित हमले और भीड़ की हिंसा के कारण हिंदू समुदाय को जान-माल की हानि हो रही है। आतंक के माहौल की वजह से कई परिवारों को पलायन करना पड़ रहा है। राज्य शासन इसे रोक पाने में असफल हो रहा है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन हो रहा है। इसे देखते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। सिविल सोसाइटी का तर्क है कि राष्ट्रपति शासन लगाकर भविष्य में होने वाली जान-माल की हानि को रोका जा सकेगा, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी और राज्य में लोकतांत्रिक और संवैधानिक शासन को बहाल किया जा सकेगा।

# कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नक्सलियों के शांति वार्ता प्रस्ताव का पत्र सही है या नहीं, गृहमंत्री को स्पष्ट करना चाहिये। अभी तक चार-पांच पत्र मीडिया के माध्यम से सामने आया, लेकिन सरकार की तरफ से इस मामले में कोई ठोस जानकारी नहीं आई। कहीं झूठी वाहवाही लेने के लिए सरकार ने ही तो पत्र प्रचारित नहीं करवाया है।

प्रदेश में बढ़ते अपराधों को लेकर मुख्यमंत्री निवास के घेराव के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंता को लेकर प्रदेश की गूंगी, बहरी सरकार को जगाने कांग्रेस 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। प्रदेशभर के कांग्रेस जन राजधानी में एकत्रित होकर बढ़ते अपराधों के प्रति चिंता प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

### प्रतियोगी परीक्षा में फीस छात्रों के साथ अन्याय

साय कैबिनेट द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में इंटरव्यू में पहुंचने पर परीक्षार्थियों की फीस वापस करने के फैसले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह युवाओं के साथ अन्याय है। कांग्रेस की सरकार के समय सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को निःशुल्क कर दिया गया था। साय सरकार अब छात्रों से भर्ती का फार्म भरने पर शुल्क लेगी, यह अन्याय है। जो छात्र इंटरव्यू में पहुंचेगा, उन्हीं की फीस वापस होगी। गरीब छात्र कहां से फीस का पैसा लाएंगे? ऐसे में एससी, एसटी छात्र, ग्रामीण, तो फार्म भरने से डरेंगे।

### पीसीसी अध्यक्ष ने घेराव की तैयारी को लेकर बैठक ली



राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर 21 अप्रैल को कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में वरिष्ठ नेताओं, ब्लाक अध्यक्षों तथा रायपुर के कांग्रेस नेताओं की बैठक ली। कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, एआईसीसी पूर्व सचिव विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद चौबे, मदन तालेड़ा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व महापौर ऐजाज ढेबर, महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, शिव सिंह ठाकुर, श्री कुमार मेमन, सीमा वर्मा, शारिक रईस खान, अजय अग्रवाल, मो. सिद्दीक, प्रशांत ठेंगड़ी, नवीन चंद्राकर उपस्थित थे।

### कांग्रेसी कल घेरेंगे सीएम हाउस, आमसभा को सफल बनाने मंथन



प्रदेश में बिगड़ी कानून ब्यवस्था को लेकर सीएम निवास घेराव की रूपरेखा तैयार करने के लिए बिरगांव निगम के महापौर निवास में बैठक की गई। इसमें तय किया गया कि किस तरह से लोग इस विरोध का हिस्सा बनेंगे। किस रूट से लोग विरोध के साथ घेराव के लिए निकलेंगे, इसके लिए अलग-अलग युवा कांग्रेसियों को जिम्मेदारी भी बांटी गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा, जिला कांग्रेस ग्रामीण ऊधो वर्मा, महापौर नंदलाल देवांगन, ग्रामीण विधान सभा प्रभारी राजेन्द्र बंजारे की उपस्थिति में होने वाले विरोध और घेराव को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। कांगेस कमेटी के आह्वान पर 21 अप्रैल को अबोध बालिकाओं और महिलाओं के साथ लगातार बढ़ते अपराध और प्रदेश में भाजपा सरकार की नाकामी को लेकर मंथन किया गया। आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री निवास घेराव के बाद विशाल आमसभा होगी। इसमें पदाधिकारी भी सभा की अगुवाई के लिए मंचस्थ रहेंगे। बैठक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, बिरगांव निगम के सभापति कृपाराम निषाद, एमआईसी मेंबर इकराम अहमद, पार्षद उबारन दास बंजारे, राजाराम देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## डिप्टी सीएम शर्मा से चर्चा के बाद पंचायत सचिवों की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पंचायत विभाग की कमेटी की रिपोर्ट अगले वर्ष आने के बाद करेंगे विचार

शासकीयकरण और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पिछले 32 दिनों से हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने राज्य स्तरीय हड़ताल को स्थगित करने का फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कोमल निषाद ने बताया कि डिप्टी सीएम और पंचायत मंत्री विजय शर्मा से हुई बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पंचायत सचिव धरने पर बैठे थे। साथ ही 28 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन की तैयारी भी की गई थी। सरकार से हुई सकारात्मक बातचीत के बाद आंदोलन को फिलहाल रोक दिया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करेगी, जिसके आधार पर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। साथ ही यह तय किया गया कि चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के लिए नई मार्गदर्शिका भी जल्द जारी की जाएगी।

### वेतन विसंगति दूर की जाएगी

सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि वर्तमान में 15 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सचिवों के वेतन सत्यापन से जुड़ी विसंगतियों को दूर किया जाएगा और आंदोलन की अवधि में रुका हुआ वेतन भी शीघ्र स्वीकृत किया जाएगा। चार दिन तक चली चर्चा के बाद बनी इस सहमति को पंचायत सचिवों ने संघर्ष की आंशिक जीत मानते हुए हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है।

**आम सूचना**

**मैं, लक्ष्मण नेगी (आधार क्रमांकः 4050 0247 6385)**, पिता श्री छेडू राम नेगी, पता - मकान नम्बर-158, स्ट्रीट-31, अविनाश केपिटल होम्स, फेस-2, सड्डू, रायपुर (छ.ग.) 492014 का हूँ जो कि मैं यह प्रेस विज्ञप्ति अपने हस्ताक्षर के तहत इस आशय की जारी प्रदान कर रहा हूँ कि, दिनांक 19.04.2025 को दैनिक समाचार पत्र, दैनिक भास्कर, रायपुर संस्करण में श्री बालाजी बिल्डर्स का एक पूरे पेज का विज्ञापन/ प्रमोशन प्रकाशित हुआ है, जिसमें व्यवसायिक चैनल पार्टनर शीर्षक के तहत मेरे नाम से यह उल्लेखित किया गया हैं कि मैं श्री बालाजी बिल्डर्स, रायपुर (छत्तीसगढ़) के डायरेक्टर श्री विजय यादव जी के साथ मिलकर रियल इस्टेट का काम कर रहा हूँ तथा हमारे काम से हमारे ग्राहक काफी संतुष्ट हैं क्योंकि हम मेहनत और ईमानदारी से काम करते हैं। उक्त विज्ञापन/ प्रमोशन के तहत प्रकाशित उक्त विवरण के बाबत मैं यहाँ यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि, मैं आज दिनाँक को केवल अष्टविनायक रियल्टीज़ नामक संस्था जिसके सी. एम. डी. श्री संतोष लोहाना हैं के साथ जुड़कर रियल इस्टेट के व्यवसाय अर्थात प्लॉट, मकान, दुकान, कार्यालय आदि की खरीदी एवं बिक्री का कार्य उनके लिये संपादित करता हूँ। मैं उक्त अष्टविनायक रियल्टीज़ के अलावे किसी भी अन्य ग्रुप/ संस्था/ व्यक्ति के साथ प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से, रियल इस्टेट का व्यवसाय अथवा रियल इस्टेट के मार्केटिंग का कार्य नहीं कर रहा हूँ। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि किसी सद्भावी भुलवश अथवा गल्तफहमी के चलते मेरा नाम को लेकर उपरोक्त उल्लेखित वक्तव्य का प्रकाशन श्री बालाजी बिल्डर्स के उक्त विज्ञापन/ प्रमोशन में हो गया है। इतना ही नहीं उक्त विज्ञापन/ प्रमोशन में मेरी जो फोटो छपी हैं, वह फोटो भी मेरे अष्टविनायक रियल्टीज़ की ओर से संचालित हुए दुबई टूर की हैं। मैं यहाँ यह भी उल्लेख करना आवश्यक समझता हूँ कि, उक्त दिनाँक 19.04.2025 के दैनिक समाचार पत्र, दैनिक भास्कर, रायपुर संस्करण में उक्त अष्टविनायक रियल्टीज़ का भी विज्ञापन/ प्रमोशन प्रकाशित हुआ है, जिसमें मेरा नाम स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है क्योंकि मैं उक्त अष्टविनायक रियल्टीज़ के साथ विगत 7-8 वर्षो से जुड़कर उक्त श्री संतोष लोहाना के मार्गदर्शन में रियल इस्टेट के मार्केटिंग का कार्य संचालित करते चले आ रहा हूँ।

**दिनाँक 19.04.2025**
**स्थान - रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**लक्ष्मण नेगी**
**पिता श्री छेडू राम नेगी**

**// आम सूचना //**

कृषि भूमि स्थित ग्राम- सोनपुर, प.ह.न. 36, रा.नि.मं.- पाटन, तहसील-पाटन व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसका रकबा 0.4600 हे. (शून्य दशमलव चार छः शून्य शून्य) भूमि, जो कि खसरा नं. 267/2 (दो सौ सड़सठ बटा दो) है के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामीगण श्री मनहरण पिता श्री देवनाथ, श्री छन्नू लाल पिता श्री देवनाथ, श्री दशमत पिता श्री देवनाथ तीनों निवासी-ग्राम- सोनपुर, खम्हरिया, तहसील- पाटन व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम-सोनपुर, प.ह.न. 36, रा.नि.मं.-पाटन, तहसील-पाटन व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसका रकबा 0.4600 हे. (शून्य दशमलव चार छः शून्य शून्य) भूमि, जो कि खसरा नं. 267/2 (दो सौ सड़सठ बटा दो) है को मेरे पक्षकार श्री प्रशांत जैन पिता श्री मिश्रीलाल जैन निवासी- 583/4, वर्धमान स्कूल के पास, कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 7489574891 ने क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया है अब केवल उपरोक्त भूमि स्वामि को विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर विक्रय-विलेख (बैनामा) का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित भूमि को उपरोक्त विक्रेता से क्रय करने का सौदा हो चुका है यदि किसी आम जनता, आस-पास के भूमि धारक, व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, संस्था, बीमा संस्था, कंपनी, ट्रस्ट, साहूकार, शासकीय संस्था, अर्धशासकीय संस्था, निजि संस्था एवं अशासकीय विभाग आदि को उपरोक्त संव्यवहार से, किसी को आपत्ति हो या कोई लेना-देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति व दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे दिये गये पते में आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें समयावधि उपरांत उक्त भूमि का विक्रय-विलेख (बैनामा) का निष्पादन एवं पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जानें।

**रायपुर (छ.ग.)**
**दिनांक : 19.04.2025**

**संदेश कुमार बिसेन,**
**टी. एस. सेठ**
**(अधिवक्तागण)**
**मो. 9303040626, 9827482410**

**नाम सुधार संबंधी सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अंजलि पटेल, पिता श्री भगतराम पटेल, पति श्री विवेक पटेल,( ANJALI PATEL, D/O MR BHAGATRAM PATEL, W/O MR VIVEK PATEL) निवासी मकान क्रमांक 401, ब्लॉक ए-1, वालफोर्ट इन्क्लेव 2, पचपेडी नाका, रायपुर (छत्तीसगढ़), यह घोषणा करती हूं कि मेरे पासपोर्ट क्रमांकः Z3787561, जो दिनांक 14.10.2016 को अहमदाबाद (गुजरात) से जारी किया गया था, उसमें मेरा नाम अंजलि भगतराम(ANJALI BHAGATRAM) दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है।

मेरा सही नाम अंजलि पटेल, पति श्री विवेक पटेल, (ANJALI PATEL, W/O VIVEK PATEL) है, और मैं अब से सभी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी, शैक्षणिक, बैंकिंग एवं अन्य सभी दस्तावेजों व अभिलेखों में अंजलि पटेल (ANJALI PATEL) नाम से ही जानी और पहचानी जाऊंगी।

यह घोषणा सर्वसंबंधितों की जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु की जा रही है।

**ANJALI PATEL**
**C/O VIVEK PATEL**
**FLAT NO -401, BLOCK -A1, WALL-FORT ENLCAVE II, PACHPEDI NAKA, RAIPUR (CG)**

## शनिवार को रायपुर सबसे गर्म, 41 डिग्री पार, 3 दिन और बढ़ेगी गर्मी

**नमीयुक्त हवा के कारण बस्तर में अभी राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शनिवार को राजधानी रायपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा और अगले तीन दिनों तक गर्मी और बढ़ने के आसार हैं। गर्मी का प्रभाव अभी मध्य इलाके में अधिक हो रहा, जबकि उत्तर और दक्षिण में गर्मी से अभी राहत है। अप्रैल के बाकी दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव होने की संभावना है।

प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से निचले स्तर पर आने वाली नमी की मात्रा में कमी आई है, जिसकी वजह से राजधानी में तेज गर्मी होने के बाद भी दोपहर बाद मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ। शहर के कुछ एक इलाकों में शाम होने के बाद अधिक गति से हवा चली। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक खाड़ी से आने वाली नमी की मात्रा बस्तर तक सीमित है, जिसकी वजह से वहां तेज गर्मी अपना प्रभाव नहीं दिखा रही है। वहीं उत्तर में अभी तेज गर्मी की शुरुआत नहीं हुई है। अनुमान है, अप्रैल में गर्मी बढ़ने का दौर जारी रहेगा, मगर शाम होने के बाद मौसमी बदलाव का असर भी बना रहेगा। गर्मी का तेज असर माह के अंत में होने की उम्मीद है और मई में इसका असर अधिक रहने की संभावना है। शनिवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, वहीं बिलासपुर का पारा 40 डिग्री में अटका रहा।

### बृजमोहन ने की फिल्म डायरेक्टर पर कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के विवादित जातिसूचक बयान पर भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जाति, संप्रदाय के नाम पर विद्वेष फैलाना चाहते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। दरअसल यह विवाद बुधवार को तब शुरू हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक यूजर को जवाब देते हुए ब्राह्मणों को लेकर बेहद शर्मनाक बात लिखी, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल मचा और लोगों ने उनकी आलोचना की।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैंसर।
• ऑपरेशन द्वारा इलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Cosmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतों को सीधा करना
• दांतों की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# निःसंतान दंपती के लिए आंबेडकर अस्पताल में बनेगा एआरटी सेंटर, 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

निसंतान दंपती को संतान सुख की प्राप्ति के लिए आंबेडकर अस्पताल में बनने वाला एआरटी सेंटर बड़ा सहारा बनेगा। शासकीय स्तर पर आईवीएफ सेंटर को बढ़ावा देने 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। राज्य में अभी आईवीएफ की सुविधा निजी अस्पतालों में है, जहां के बड़े खर्च की वजह से गरीब तबके के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों के मुताबिक अस्पताल में संतान प्राप्ति से संबंधित परेशानी लेकर आने वाली दस फीसदी महिलाओं को इसकी आवश्यकता होती है। निजी अस्पतालों में इस पर होने वाले लाखों खर्च की वजह से गरीब तबके के लोग मन मसोसकर रह जाते हैं। ऐसे लोगों के लिये आंबेडकर अस्पताल में बनने वाला असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी (एआरटी) सेंटर बड़ा मददगार साबित होगा। यहां कम खर्च में यह प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। आंबेडकर अस्पताल में एआरटी सेंटर बनाने की योजना काफी पुरानी थी, मगर योजना की स्वीकृति के अभाव में इसे पूरा नहीं किया जा सका था। इस बार राज्य शासन ने अपने बजट में इसके लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जिससे आने वाले दिनों में प्रदेश के लोगों को उपचार से संबंधित बड़ी सुविधा मिल पाएगी। एआरटी सेंटर की सुविधा अभी राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल के साथ एम्स में भी नहीं है। इन हास्पिटलों में इस तरह की परेशानी लेकर कोई परिवार पहुंचता है, तो उसे मजबूरीवश निजी अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है।

## सरकारी अस्पताल में सुविधा, गरीब तबके को भी मिल सकेगा संतान सुख

### स्टाफ की भर्ती भी होगी

सूत्रों के अनुसार एआरटी सेंटर का संचालन करने के लिए यहां अतिरिक्त स्टाफ की भर्ती भी की जाएगी। इसमें एंड्रोलॉजिस्ट, एंब्रियोलॉजिस्ट के साथ बायो टेक्नोलॉजिस्ट सहित इस सुविधा के साथ प्रक्रिया के बारे में मरीजों को समझाने के लिए काउंसिलर की भर्ती भी की जाएगी। इसके अलावा जरूरत के हिसाब से यहां अन्य मानव संसाधन भी जुटाए जाएंगे।




### बड़ी जगह की आवश्यकता

एआरटी सेंटर बनाने के लिए स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में एआरटी सेंटर बनाने के लिए बड़ी जगह की आवश्यकता होगी। आंबेडकर अस्पताल में होने वाली नियमित ओपीडी में जिन विभागों में सबसे ज्यादा मरीज होते हैं, उनमें यह विभाग भी शामिल है और प्रसव के मामले में आंबेडकर अस्पताल राज्य का सबसे बड़ा संस्थान है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला का विमोचन आज

**रायपुर।** डॉ. टीआर रामटेके की पीएचडी के लिए शोधग्रंथ छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला का विमोचन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वीआईपी रोड स्थित एक होटल में 20 अप्रैल शाम 7 से रात्रि 9 बजे तक होगा। छत्तीसगढ़ के किलों की स्थापत्य कला में राज्य के लगभग 100 किलों से संबंधित ऐतिहासिक जानकारी का समावेश है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के प्राचीन किले एवं कल्चुरीकालीन 36 गढ़ों का वास्तुशास्त्रीय विवेचन पुस्तक में किया गया है। साथ ही ग्रंथ में उनके पहुंच मार्ग 150 मानचित्र रेखाचित्र एवं 450 छायाचित्रों को प्रस्तुत किया गया है तथा देश अन्य प्रमुख किलों की भी जानकारी छायाचित्रों सहित प्रस्तुत की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे, अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे, मुख्य वक्ता आईएएस सेवानिवृत्त डॉ. सुशील त्रिवेदी होंगे। विमोचन समारोह में आयुक्त रायपुर संभाग महादेव कावरे, सेवानिवृत्त आईएएस दिलीप वासनीकर, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. रतनलाल

## निधन

### चतरुमल रामेजा



**रायपुर।** देवपुरी निवासी चतरुमल रामेजा (88) का 19 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया।

### कुसुम शुक्ल



**रायपुर।** साइंस कॉलेज हॉस्टल के पीछे शिक्षा निकेतन निवासी कुसुम शुक्ल (75) का 19 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार काशी बनारस में किया जाएगा। वे स्व. वीरेंद्र प्रसाद शुक्ल की पत्नी और नवभारत के उप महाप्रबंधक ओंकार शुक्ल की माता थीं।

## परीक्षा कंडक्ट होने के एक सप्ताह पूर्व पेपर लीक

# सीजीपीएससी लीक मामले में सीबीआई ने पूछताछ के लिए आधा दर्जन को भेजा समंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजीपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने जांच तेज कर दी है। दो दिन पूर्व छापे की कार्रवाई के बाद सीबीआई ने कोचिंग सेंटर संचालक सहित आधा दर्जन लोगों को बयान दर्ज कराने समंस जारी किया है। जिन परिक्षार्थियों से पैसे लेकर परीक्षा पास कराए जाने के आरोप हैं, उन तक पैसों का लेन-देन कैसे किया गया, सीबीआई इस संबंध में पड़ताल कर रही है। इसके साथ ही उन लोगों के बैंक अकाउंट की पड़ताल कर रही है।

- जिनसे पैसे लिए गए, उन सभी को एक ही सेट के पेपर दिए गए

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक सीजीपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में जेल में बंद सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी, उसके बेटे, तत्कालीन उप परीक्षा नियंत्रक, कारोबारी व उसके बेटा-बहू को सीबीआई गिरफ्तार कर उनसे नए सिरे से पूछताछ करेगी। सीबीआई को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक परीक्षा पत्र परीक्षा कंडक्ट होने के एक सप्ताह पूर्व ही लीक हो गया था। पेपर लीक कराने के बाद साल्वर ने पांच दिनों तक पैसे लिए गए परीक्षार्थियों को पेपर हल करने के बारे में जानकारी दी। इसके बाद परीक्षार्थी पेपर दिलाने सेंटर पहुंचे। जांच में जिन लोगों से पैसे लिए गए, उन सभी को एक ही सेट के पेपर दिए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है।




### कोचिंग माफिया ट्विटर पर शिकंजा

सीजी पीएससी परीक्षा गड़बड़ी के तार जिस कोचिंग सेंटर तथा ट्विटर से जुड़ रहे हैं, सीबीआई उन पर भी शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। सीबीआई इस बात की तह में जाने की कोशिश कर रही है कि पेपर लीक करने वाले असली स्त्रोत कौन थे और इसके पीछे कौन-कौन से अधिकारी या एजेंसियां शामिल थीं। परीक्षा घोटाले के तीन प्रमुख सूत्रधार हैं, इनमें प्रमुख नाम तत्कालीन सीजीपीएससी के अध्यक्ष टामन सोनवानी, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, तत्कालीन डिप्टी परीक्षा नियंत्रक ललीत गणवीर। एसीबी, ईओडब्लू की टीम पूर्व में आरती वासनिक से पूछताछ कर चुकी है।

### इन भर्तियों पर सीबीआई की नजर

- 2020 छत्तीसगढ़ वन सेवा (संयुक्त) परीक्षा 2020 के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए थे, जिसमें 178 पदों को भरा गया था।
- 2020 छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की, जिसमें विभिन्न विभागों में 143 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्रीलिम्स परीक्षा 14 फरवरी 2021 को आयोजित की गई थी और मुख्य परीक्षा 18, 19, 20 और 21 जून को आयोजित की गई थी। आवेदन प्रक्रिया 14 दिसंबर 2020 से शुरू हुई थी और 12 जनवरी 2021 को समाप्त हुई थी।
- 2021 सीजीपीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा 2021 में 171 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की थी।
- 2022 राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022 के लिए आवेदन आमंत्रित किए, जो एक दिसंबर 2022 से 20 दिसंबर 2022 तक भरे गए थे। 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को मुख्य परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 509 अभ्यर्थी सफल हुए थे। फैकल्टी पदों के लिए भी भर्ती निकाली थी, जिसके लिए आवेदन 24 फरवरी से 25 मार्च 2022 तक स्वीकार किए गए थे।

# नलों में पानी का प्रेशर कम बोरवेल पर बिल्डर का कब्जा

## पार्षद और रहवासियों के साथ सभापति की पेयजल समस्या पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 2 के वार्डों में नलों से पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत वहां के वार्ड पार्षद और स्थानीय रहवासियों ने जोन के पदेन अध्यक्ष और निगम सभापति सूर्यकांत राठौर से की है। सभापति ने जलसंकट प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति कराने जोन 2 के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं दुर्गानगर पंडरी इलाके में बिल्डर द्वारा सार्वजनिक बोर के पास दीवार बनाकर कब्जा करने की शिकायत लोगों ने की है। सभापति सूर्यकांत राठौर ने जोन 2 के कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे को सरकारी बोरवेल तत्काल कब्जा मुक्त कराने निर्देश दिए हैं।

- जोन 2 के जलसंकट प्रभावित इलाकों में टैंकर से जल आपूर्ति कराने दिए निर्देश

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के लोधीपारा, नहरपारा, दुर्गानगर, देवेंद्र नगर सेक्टर 2, केलकरपारा, शास्त्रीनगर फोकट पारा, कुम्हारपारा में नलों से पानी का प्रेशर कम आने से लोग परेशान हैं। रमणमंदिर वार्ड के कुम्हारपारा और चूना भट्टी क्षेत्र स्थित डबरापारा में अमृत मिशन के तहत नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी लोगों के घरों में कनेक्शन नहीं दिये जाने से पानी की समस्या आ रही है।

वार्ड पार्षद एवं निगम सभापति सूर्यकांत राठौर का कहना है चूनाभट्ठी के डबरापारा में अमृत मिशन के तहत 400 कनेक्शन दिया जाना है। इसी तरह कुम्हारपारा में नई पाइप लाइन बिछने के बाद भी नल कनेक्शन का काम अधूरा है। पुरानी पाइप लाइन से पानी का प्रेशर कम होने से रहवासियों को गर्मी के समय पानी की दिक्कत हो रही है।



### इधर पानी की किल्लत, उधर सर्विस सेंटर वाले गाड़ी धोकर कर रहे पानी बरबाद

जोन 2 क्षेत्र के रहवासियों ने शिकायत की है कि कुछ सर्विस सेंटर वाले सरकारी बोर से गाड़ी धुलाई का काम कर रहे हैं, जबकि पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। सभापति ने जोन 2 के अधिकारियों से इस पर कड़ाई बरतने की हिदायत दी है। साथ ही सरकारी बोर के दुरुपयोग पर चिंता जताई। जोन 2 कार्यालय में पेयजल और सफाई को लेकर हुई चर्चा में एमआईसी सदस्य महेंद्र खोडियार, अवतार-भारती बागल, पार्षद कृतिका जैन सहित वार्डों के रहवासी शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ का विश्वसनीय सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन,अमंगलहारी ॥

आपका विश्वास एवं हमारी समर्पित भाव से सेवा
अब NABH द्वारा पूर्ण प्रमाणित !!




विश्वस्तरीय सुविधाओं और उत्कृष्ट देखभाल के साथ

- जनरल सर्जरी, लेजर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- हड्डी रोगों की चिकित्सा एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- हृदय रोग एवं सर्जरी
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एण्ड गैस्ट्रो सर्जरी
- कैंसर रोग एवं सर्जरी
- इंटरनल मेडिसिन एवं इंटेन्सिव क्रिटिकल केयर
- मस्तिष्क रोग एवं मस्तिष्क रोग सर्जरी
- श्वसन एवं छाती रोग
- मुत्र रोग, किडनी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी
- नाक, कान व गला रोग
- वेस्कुलर एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
- पेन (दर्द) प्रबंधन
- बर्न व प्लास्टिक सर्जरी
- दंत रोग एवं मेक्सिल्लोफेशियल सर्जरी
- स्त्री रोग
- चर्म रोग

किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध
अत्याधुनिक मशीनों से कैंसर के उपचार सुविधा
अत्याधुनिक लेज़र पद्धति एवं मिनिमल इनवेसिव सर्जरी सुविधा

24x7 आपात चिकित्सा एवं क्रिटिकल केयर, ट्रामा केयर, हेड इंजुरी चिकित्सा, कार्डियक केयर



वीवाय साईंरिसा कैंसर केयर सेंटर
रेडिएशन थेरेपी, कैंसर सर्जरी, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरैपी, टारगेट थेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, पैलिएटिव केयर, न्यूट्रिशनल थेरेपी

वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
छत्तीसगढ़ का विश्वसनीय सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
कमल विहार रायपुर (छ.ग.)
0771-4622222, 7225024301, 7225024302 हेल्पडेस्क: 0771-4622200, टोल फ्री: 1800-123-4775
www.vyhospital.in info@vyhospital.in vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### मां की हत्या का आरोपी बेटा गिरफ्तार



**रायपुर।** उरला पुलिस ने मां के सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या करने के आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में बिरगांव निवासी प्रदीप देवांगन को गिरफ्तार किया है। प्रदीप पर आरोप है कि उसने शुक्रवार सुबह अपनी मां से जर्मन शैफर्ड डॉग खरीदने दो सौ रुपए की मांग की। मां ने पैसे देने से इंकार कर दिया तो इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद प्रदीप ने बिस्तर पर लेटी अपनी मां के सिर पर हथौड़ा से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।

### तिल्दा का कारोबारी हुआ उठाईगिरी का शिकार

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में तिल्दा-नेवरा के एक कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ दो लाख रुपए चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किराना कारोबारी मुकेश कुमार भोजवानी ने उठाईगिरी की शिकायत दर्ज कराई है। मुकेश ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार को किराना सामान खरीदी करने रायपुर आया था। मंजू ममता होटल के पास ई-रिक्शा में सवार एक अज्ञात व्यक्ति उसका नोटों से भरा बैग पार कर दिया।

### ट्रॉली सहित ट्रैक्टर चोरी

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर ने अज्ञात चोर के खिलाफ ट्रैक्टर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनील कुमार हजारे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुनील ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को वह अपने ट्रैक्टर सीजी 04 एनयू 7769 ट्रॉली सीजी 04 एनएक्स 1911 को एक ट्रेडर्स के परिसर में खड़ा किया था। दूसरे दिन ड्राइवर ट्रैक्टर लेने गया, तब ड्राइवर ने पाया कि मौके से कोई अज्ञात चोर ट्रैक्टर तथा ट्रॉली चोरी कर ले गया है।

### साइबर टीम ने सटोरिए को धर दबोचा, रकम जब्त





**रायपुर।** एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट की टीम ने थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्रांतर्गत स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर यूनिट तथा थाना तिल्दा-नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित करते आरोपी ऋषभ तलरेजा निवासी तिल्दा नेवरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी रकम 10500 रुपए एवं सट्टा-पट्टी पर्ची जब्त की है।

# बिजली की खपत में रिकॉर्ड गर्मी, सोलर से भी मिल रही हजार मेगावाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में अप्रैल में भी बिजली की खपत में लगातार गर्मी बरकरार है। अप्रैल में रिकॉर्ड 68 सौ मेगावाट के पार जा चुकी है। अब खपत कभी भी सात हजार मेगावाट तक जा सकती है। इतनी ज्यादा खपत के बाद भी परेशानी न होने का एक बड़ा कारण यह भी है, छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को करीब हजार मेगावाट बिजली सोलर से भी मिलने लगी है। यह बिजली अपने प्रदेश से कम, लेकिन दूसरे राज्यों से ज्यादा मिल रही है।

## अप्रैल में खपत जा चुकी है 68 सौ मेगावाट के पार



### बिजली की कमी नहीं

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन उत्पादन हमेशा 25 से 26 सौ मेगावाट होता है। इसी के साथ सेंट्रल सेक्टर से भी साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर है। ऐसे में पॉवर कंपनी के पास आसानी से छह हजार मेगावाट बिजली हो जाती है। लेकिन इस समय खपत 65 सौ मेगावाट के पार हो रही है। इसकी पूर्ति को बड़ा सहारा सोलर से मिलने वाली बिजली से भी मिल रहा है। राजनांदगांव में एक सौ मेगावाट का सोलर पार्क बना है। उसके अलावा छोटे-छोटे सोलर पैनलों को मिलाकर प्रदेश से ही करीब दो सौ मेगावाट बिजली मिल जाती है। इसी के साथ दूसरे राज्यों से भी 700 से 800 मेगावाट बिजली मिलती है। कुल मिलाकर सोलर से हजार मेगावाट तक बिजली मिलने के कारण बिजली की पूर्ति में परेशानी नहीं हो रही है।

प्रदेश में बिजली की खपत में लगातार इजाफा हो रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि एक तो प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, इसी के साथ एसी और कूलरों की संख्या में भी भारी इजाफा हो रहा है। आज गांवों में भी थोक में एसी लगने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। पहले कभी खपत छह हजार मेगावाट तक नहीं जाती थी, लेकिन इस बार फरवरी में जहां खपत छह हजार मेगावाट के पार गई, वहीं मार्च में यह खपत 65 सौ मेगावाट के पार हुई। इसके बाद अप्रैल में अब खपत 68 सौ मेगावाट के पार हो गई है।

## दो दिन से लोग परेशान, शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं

# बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन में छाया अंधेरा, एंट्री पाइंट की लाइटें भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शाम के समय गेट बंद, निगम अफसर बेपरवाह

राजधानी के स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड स्थित प्राचीन सरोवर बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन में इन दिनों सन्नाटा पसरा है। शाम होते ही गार्डन का एंट्री गेट बंद होने से आसपास के रहवासी मायूस होकर घर लौट रहे हैं। गार्डन में दो दिन से लाइट नहीं है, इसकी शिकायत स्थानीय रहवासियों ने निगम के अधिकारियों से की है। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नीलाभ गार्डन में जहां पहले शाम ढलते ही शहर के अलग-अलग इलाकों से लोग परिवार के साथ सरोवर की सुंदरता और बगीचे में ताजी हवा में सांस लेने आते थे, अब वो जगह सुनसान पड़ी है। स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा वाले हिस्से में भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है।

नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने जिस बूढ़ातालाब को संवारने और शहर का सबसे भव्य स्थल बनाने 12 फेज में 36 करोड़ रुपये बाहरी तामझाम में खर्च कर डाले, उस ऐतिहासिक सरोवर से लगे नीलाभ गार्डन में प्रवेश द्वार से लेकर एंट्री पाइंट तक अंधेरा छाया हुआ है। जहां पहले रंगीन रोशनी वाली आकर्षक लाइटें लोगों के आकर्षण का केंद्र हुआ करती थीं, वह स्थान अंधेरे में डूब गया है। गार्डन का गेट शाम को बंद कर दिया गया है, इसकी सूचना नहीं देने से लोग बूढ़ा गार्डन के गेट से लौटने लगे हैं। विदित हो, नगर निगम ने बूढ़ातालाब को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल को हैंडओवर कर दिया है। पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी तालाब की देखरेख और वहां रीक्रियेशन जोन विकसित करने का कार्य कर रही है। तालाब के मध्य रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 करोड़ खर्च कर जो म्यूजिकल फाउंटेन लगवाया, वह एक अरसे से बंद पड़ा है। यही नहीं, बूढ़ापारा के दुर्गा मंदिर से लगे हिस्से में बच्चों के लिए विकसित किये गये चिल्र्डन पार्क में लगाये झूले टूटने लगे हैं। पहले वहां हरी घास हुआ करती थी, वह देखरेख के अभाव में सूख चुकी है। अनुबंधित एजेंसी नीलाभ गार्डन में प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाने की जगह चौपाटी विकसित करने में ज्यादा दिलचस्पी ले रही है।





### दुर्भाग्यपूर्ण संज्ञान में लेंगे

शहर के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है, नीलाभ गार्डन की लाइटें बंद होने की शिकायत आई है, इस पर संज्ञान लेकर बंद पड़ी लाइटें ठीक कराई जायेंगी। आम जनता को बगीचे में आने-जाने के लिए एंट्री पाइंट का गेट खुला रखा जायेगा।

*- **भोलाराम साहू,** अध्यक्ष, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग, नगर निगम रायपुर*

### एक्शन लेंगे

नीलाभ गार्डन शहर का सबसे पुराना और ऐतिहासिक गार्डन है, जहां लोग परिवार के साथ आते हैं। वहां की लाइटें बंद पड़ी हैं, इस पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा। स्थल निरीक्षण कर गार्डन वाले हिस्से की बंद पड़ी लाइट को बदलने संबंधित जोन को निर्देशित किया जाएगा।

*- **मीनल चौबे,** महापौर नगर निगम रायपुर*

# ट्रेनों में अवैध वेंडिंग पर रेलवे की कार्रवाई, 33 बिना टिकट यात्रियों से वसूला 16 हजार रु. जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- डीआरएम ने स्टेशन पर अवैध वेंडर्स के खिलाफ चलाया अभियान

शनिवार दोपहर रेलवे स्टेशन पर अचानक हलचल मच गई, जब मंडल रेल प्रबंध, डीआरएम दयानंद स्वयं स्टेशन और ट्रेनों में चल रही अवैध वेंडिंग की जांच के लिए पहुंच गए। उनके साथ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह, पांच वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य विभाग के पांच कर्मचारी और पांच टीटीई की विशेष टीम मौजूद रही। जैसे ही जांच दल प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में पहुंचा, वहां अवैध वेंडरों में खलबली मच गई। ट्रेनों में अवैध वेंडिंग चल रही थी।

साउथ बिहार एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, इंटरसिटी समेत कई ट्रेनों में खानपान की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान 11 अनाधिकृत वेंडर रंगेहाथ पकड़े गए, जिन्हें तुरंत रेलवे सुरक्षा बल के हवाले किया गया। लंबे समय से ट्रेनों में घटिया क्वालिटी का खाना ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई। शनिवार को डीआरएम की औचक जांच से यह साफ हो गया कि वेंडिंग का यह खेल संगठित ढंग से चल रहा है।



### बिना टिकट के यात्रियों पर भी गिरी गाज

इसी दौरान टिकट जांच अभियान भी चलाया गया, जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे 33 यात्रियों और अनियमित टिकट वाले 13 यात्रियों को पकड़ा गया। इनसे 16,720 का जुर्माना वसूला गया। डीआरएम दयानंद ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्टेशन और ट्रेनों में अनाधिकृत वेंडिंग को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान चलाए जाएंगे।

# नई नगर विकास योजनाओं और री-डेवलपमेंट की योजनाएं पर होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू की पहली समीक्षा बैठक

रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने शनिवार को प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कमल विहार जैसी नई नगर विकास योजनाएं बनाने और रीडेवलपमेंट योजना पर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। बजट की जानकारी लेते हुए उन्होंने पूर्ण विकसित हो चुकी योजनाओं को नगर निगम और विद्युत सब-स्टेशन विद्युत मंडल को हस्तांतरित करने तथा वर्तमान योजनाओं में साफ-सफाई, बकाया राशि वसूली पर जोर दिया। बैठक में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशन में तैयार किए गए पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्तमान में चल रही विकास और निर्माण योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें कौशल्या माता विहार नगर विकास योजना, इंद्रप्रस्थ रायपुरा, बोरियाखुर्द योजना निर्माणाधीन फ्लैट्स, डिपाजिट योजना के अंतर्गत देवेंद्र नगर योजना में बन रहे प्रधानमंत्री एकता माल की भी जानकारी दी। चर्चा के दौरान प्राधिकरण की संपत्ति विक्रय का विवरण और शिकायतों के लिए इंटनेट के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा प्रारंभ किए जाने के बारे में बताया गया कि इससे कोई भी भारतीय नागरिक रायपुर में प्राधिकरण की संपत्तियों को खरीदने के लिए देश-दुनिया के किसी भी कोने से आवेदन कर सकता है। यह प्रक्रिया काफी पारदर्शी है। इससे प्रापर्टी एजेंट आम लोगों को परेशान नहीं कर पाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद सहित अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।



# सेवा सत्संग के रूप में मनाया अवतरण दिवस, हवन के साथ सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मोहबा बाजार में शर्बत छाछ का नि:शुल्क वितरण

योग वेदांत सेवा समिति द्वारा वीआईपी रोड स्थित आश्रम में अवतरण दिवस विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न गरीबों, जरूरतमंदों में भंडारा व जीवनोपयोगी सामग्री का वितरण भी किया गया। सरस्वती नगर थाना के सामने और मोहबा बाजार चौक पर निःशुल्क शीतल पलाश शरबत, छाछ व जल प्याउ की सेवा की गयी। यह सेवा पूरे गर्मी के सीजन में निरंतर जारी रहेगी।

शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरुवंदना से हुई। इसके बाद बापू की जीवनलीला पर आधारित सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद गुरु पादुका पूजन, मानस पूजन, सत्संग एवं दोपहर 12 बजे से अवतरण दिवस का भव्य उत्सव मनाया गया। इसमें साधकों ने भगवन्नाम कीर्तन पर सामूहिक नृत्य भी किया। आंबेडकर अस्पताल के आपात कालीन चिकित्सा विभाग में युवा सेवा संघ के सेवादारों द्वारा मरीजों को निःशुल्क फल वितरण किया गया। योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता रामा भाई ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से ही सम्भव है।



### हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली

अवतरण दिवस के पूर्व संध्या पर सुभाष स्टेडियम से शाम 4 बजे संकीर्तन यात्रा निकाली गयी। श्री विग्रह से सजे रथ, बाल संस्कार केंद्र की मोहक झांकी और घोड़े पर सवार बालिकाएं संकीर्तन यात्रा में आकर्षण का केंद्र बनीं। यह शोभायात्रा सुभाष स्टेडियम से शुरू होकर महिला थाना चौक, निगम मुख्यालय सप्रे शाला मार्ग पुरानी बस्ती थाने के पास से होकर कंकालीपारा, सत्ती बाजार से होते हुए वापस सुभाष स्टेडियम पहुंची। साधकों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह जलपान से स्वागत किया गया।

## बिजनेस साइट

### छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शंकर नगर शाखा के नए भवन का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शंकर नगर शाखा के नवनिर्मित आदर्श वातानुकूलित भवन का भव्य शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष वीके अरोरा के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक विजय गायकवाड़, क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश राजपूत, प्रशासनिक अधिकारी संजय गोयल एवं पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक एससी कश्यप समेत वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। श्री अरोरा ने शुभारंभ समारोह में उपस्थित ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक न केवल अपनी सेवाओं में उत्तमता ला रहा है, बल्कि अपने कार्यस्थलों को भी आधुनिक स्वरूप प्रदान कर रहा है। शंकर नगर की यह शाखा, जो शहर के प्रमुख क्षेत्र में स्थित है, अब 'आदर्श शाखा' के रूप में पहचानी जाएगी, जहां ग्राहकों के लिए समस्त अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उन्होंने बैंक द्वारा ग्राहकों को प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।

### श्री बालाजी विद्या मंदिर में पूर्व प्राथमिक विभाग का ग्रेजुएशन समारोह धूमधाम से संपन्न



**रायपुर।** श्री बालाजी विद्या मंदिर, सेक्टर-2, देवेंद्र नगर एवं एसबीवीएम भनपुरी के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व प्राथमिक विभाग के ग्रेजुएशन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथियों में जिग्नेश शाह, जी. स्वामी (अध्यक्ष, आंध्रा एसोसिएशन), केएस आचार्यालु (सचिव) एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. फ्रेनी जयप्रकाश, उपप्राचार्या मौसमी भट्टाचार्या, प्रमुख शिक्षिका नागवरलक्ष्मी स्वामी, समन्वयक शहला अहमद सहित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जी. स्वामी द्वारा नर्सरी एवं पीपी-1 के विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। अभिभावकों ने बच्चों की शिक्षा में प्रगति व कला कौशल के विकास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**


### बीआईटी रायपुर में 'रिसर्च एंड इनोवेशन क्लब' का शुभारंभ

**रायपुर।** भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) रायपुर ने रिसर्च एवं नवाचार के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए 'रिसर्च एंड इनोवेशन क्लब' का शुभारंभ किया है। यह क्लब संस्थान के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के अंतर्गत एक छात्र-चालित मंच है, जिसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, अंतर-विषयक शोध को प्रोत्साहित करना और प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षा को सशक्त बनाना है। इस अवसर को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए 19 से 21 अप्रैल तक तीन दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला 'इंटेलिजेंट इनोवेशंस: स्मार्ट प्रोजेक्ट्स यूजिंग आर्डुइनो' का आयोजन किया गया है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. आरके मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शोध छात्रों के कॅरियर निर्माण का एक अहम हिस्सा है और यह क्लब छात्रों को नवाचार की दिशा में प्रेरित करेगा। बीआईटी रायपुर सदैव गुणवत्तापूर्ण शोध कार्यों के लिए जाना जाता है।

### दुकानदार बोले-वक्फ की...

है, जिसमें जमीन को वक्फ की न होना बताया गया है। इसी तरह से एवन बेकरी के भरत प्रधानानी ने बताया, दुकान उनके पिता जेठूराम प्रधानानी ने खरीदी थी। हमारी जमीन भी वक्फ की नहीं है। सुप्रीम फूटवियर के संचालक ने कहा, हमने वकील के माध्यम से जवाब दिया है। हमारी जमीन भी वक्फ की नहीं है।

### वक्फ की नहीं है संपत्ति...

है, जिसमें जमीन को वक्फ की न होना बताया गया है। इसी तरह से एवन बेकरी के भरत प्रधानानी ने बताया, दुकान उनके पिता जेठूराम प्रधानानी ने खरीदी थी। हमारी जमीन भी वक्फ की नहीं है। सुप्रीम फूटवियर के संचालक ने कहा, हमने वकील के माध्यम से जवाब दिया है। हमारी जमीन भी वक्फ की नहीं है।

## पेज 11 के शेष ...

### नान घोटाला जांच को प्रभावित ...

गई है। शुक्रवार को सीबीआई ने रायपुर के दो अलग-अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई का जिक्र करते हुए घटना से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त करने की जानकारी दी है। नान घोटाला में गवाहों को प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ करने के मामले में आने वाले दिनों में कुछ और लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के संकेत दिए हैं। जिन अधिकारी, कर्मचारियों ने जांच में बाधा डालने का प्रयास किया, उनकी भूमिका भी जांच के दायरे में है। इस पूरे मामले में ईओडब्लू, एसीबी ने नवंबर 2024 में अपराध दर्ज किया है। उसी एफआईआर पर सीबीआई ने नए सिरे से अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। **अग्रिम जमानत के लिए दस्तावेजों में हेरफेर :** सीबीआई की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि तत्कालीन महाधिवक्ता वर्मा को अनुचित लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई। टूटेजा तथा डॉ. शुक्ला ने अग्रिम जमानत का लाभ पाने की कोशिश की। इसके लिए दोनों अफसरों ने ईओडब्लू के अफसरों को दस्तावेजों में छेड़खानी करने राजी कर लिया था। **यह है पूरा मामला :** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रभावी संचालन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नागरिक आपूर्ति निगम कार्य करता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बड़े पैमाने पर घोटाला होने पर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने फरवरी 2015 में राज्य के अलग-अलग जिलों के 25 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी, तब तत्कालीन खाद्य सचिव डॉ. आलोक शुक्ला तथा नान के संचालक अनिल टूटेजा पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने के आरोप लगे थे। छापे की कार्रवाई के दौरान ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने तीन करोड़ 64 लाख रुपए नकद राशि जब्त की थी। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट में जवाब पेश करना था।







02

200 कुंडीय धर्म रक्षा महायज्ञ में 500 ...

## सिटी इवेंट

### नाट्य मंचन की बारीकियों से रूबरू हुए प्रतिभागी



**रायपुर।** बुद्धेश्वर मंदिर में चल रही चित्रकला कार्यशाला के दूसरे दिन कलाकारों ने देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को अपने चित्रों के माध्यम से जीवंत किया। संयोजक चित्रकार भोजराज धनगर ने बताया कि इस कार्यशाला में विभिन्न कलाकारों ने अहिल्याबाई के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को कैनवास पर उतारा। कार्यशाला में पंजाब से आए नाट्य निर्देशक सुदेश शर्मा ने नाटक की विधाओं पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया और मंचन कला के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। यह कार्यशाला देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित की गई है, जिसमें उनके जीवन और कार्यों को चित्रों और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### चित्रकला से खींचा ध्यान

*दुर्ग की डॉ. शशिप्रिय उपाध्याय ने देवी अहिल्याबाई की दानशीलता को चित्रित किया। रायपुर के राहुल दत्त ने नर्मदा उद्गम स्थल पर धर्मशाला निर्माण का चित्र बनाया। मनहरण देवांगन ने सती होने को तैयार अहिल्याबाई को रोकते हुए उनके ससुर मल्हार राव और प्रजाजनों का दृश्य चित्रित किया। बिलासपुर की मना केंवट ने अहिल्याबाई को युद्ध करते हुए दर्शाया। दीपक शर्मा ने विधवाओं के उत्थान के प्रयासों को चित्रित किया। खुशी चौधरी ने अहिल्याबाई की माता द्वारा उन्हें शिवभक्ति का पाठ पढ़ाते हुए चित्रण किया। अवध कुमार ने अहिल्याबाई और खंडेराव के युद्ध में जाते हुए का चित्रण किया।*

## कैंपस लाइव

### महंत कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण, 250 विद्यार्थी पुरस्कृत



**रायपुर।** गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में एक अनोखा गुण होता है, जिसे पहचान कर स्वयं का विकास करना चाहिए। पैसे से ज्ञान नहीं खरीदा जा सकता, यह मेहनत और समर्पण से अर्जित किया जाता है। जीवन में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करें, तभी आप शिखर तक पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि वे स्वयं महंत कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं और अतिथि के रूप में मंच पर पहुंचकर काफी सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने ऐलान किया कि महाविद्यालय के अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को राज्य शासन की सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने बताया कि महाविद्यालय की शुरुआत 98 विद्यार्थियों से हुई थी और आज यहां 2000 से अधिक विद्यार्थी अध्यनरत हैं।

#### खिलाड़ी और छात्र पुरस्कृत

*कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने वाली रितु को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, कराटे वर्ग में देवव्रत, अनुज, तन्मय को पुरस्कार दिए गए। तैराकी में अनिमेष शर्मा, मेघा पटेल, तेजस ध्रुव, दीपक साहू, प्रणव राज, दीपाली कन्नौज, शुभांगी को सम्मानित किया गया। बास्केटबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिता में भी कई छात्र-छात्राओं को पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त, जूडो वर्ग में भी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इन सभी खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने अंतर महाविद्यालय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया था। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कुल 250 से अधिक विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल अधिकारी विजय शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. अनुपम जैन और डॉ. जया चंद्रा का विशेष योगदान रहा।*

● कम संसाधनों में रचा इतिहास, प्रयास विद्यालय के 69 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस में किया क्वालिफाई

# न मोबाइल, न इंटरनेट...सेल्फ स्टडी कर गांव के संघर्ष से आईआईटी की दहलीज तक पहुंचे प्रयास के सितारे

**कम संसाधन, बिना इंटरनेट और आर्थिक अभाव जैसी चुनौतियों के बावजूद जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। सड्डू स्थित शासकीय बालक प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्रों ने जेईई मेन 2025 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर दिखाया है कि सच्ची लगन और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी कठिन परीक्षा पास की जा सकती है। इस बार प्रयास विद्यालय के कुल 153 विद्यार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया, जिनमें से 69 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है। यह सफलता दर 44.80% रही, जो किसी भी कोचिंग संस्था से कम नहीं है।**

**रायपुर।** गांव-देहात से आने वाले इन छात्रों के लिए संसाधनों की भारी कमी थी। न इंटरनेट, न कोचिंग, न ही महंगे गाइडेंस, फिर भी उन्होंने केवल सेल्फ स्टडी और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह असंभव-सा लगने वाला लक्ष्य प्राप्त किया है। जब हजारों छात्र जेईई जैसी परीक्षा की तैयारी के लिए लाखों रुपए कोचिंग पर खर्च कर रहे हैं, ड्रॉप लेकर वर्षों तैयारी कर रहे हैं, वहीं प्रयास विद्यालय के ये होनहार छात्र, जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवारों से आते हैं, ने सिर्फ मेहनत के बल पर सफलता की नई कहानी लिखी है।



#### किसान के बेटे ने हासिल किया 95.37 परसेंटाइल



हरिभूमि से बातचीत में प्रयास के छात्रों ने अनुभव साझा किया। भुरकोनी पिथोरा के रहने वाले युवराज पटेल ने अधिकतम 95.37 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। बताया कि पिता संतोष पटेल किसान हैं और मां मोतिम मितान हैं। प्रयास विद्यालय में कक्षा 11वीं में एडमिशन लेने के साथ ही जेईई की तैयारी शुरू कर दी थी। युवराज ने बताया कि उनके पास इंटरनेट या स्मार्टफोन की सुविधा नहीं थी, इसलिए उन्होंने पूरी तैयारी केवल सेल्फ स्टडी के माध्यम से की। स्कूल के शिक्षक जो भी पढ़ाते थे, मैं उसी पर पूरा फोकस करता था। लगातार दो साल तक 8 से 10 घंटे की पढ़ाई की और हमेशा परीक्षा पर केंद्रित रहा। कभी नहीं लगा कि जेईई जैसी परीक्षा मेरे लिए असंभव है। अब युवराज का सपना है कि वे एक सफल सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनें और तकनीकी क्षेत्र में देश का नाम रोशन करें।

#### गांव में नहीं था पढ़ाई का माहौल, अब क्वालिफाई कर दिखाया कमाल



जब जानकारी ही नहीं थी कि जेईई क्या होता है, तब कल्पना भी मुश्किल थी कि कभी इस कठिन परीक्षा को पास कर पाऊंगा। कोरिया जिले के प्रदीप सिंह की यह कहानी हजारों ग्रामीण छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है। प्रयास आवासीय विद्यालय में पढ़ते हुए उन्होंने जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर लिया है। प्रदीप ने बताया, हमारे गांव में न पढ़ाई का माहौल है और न ही कोई जेईई या आईआईटी-एनआईटी के बारे में जानता है। मैं भी जब प्रयास स्कूल आया, तभी पहली बार इन परीक्षाओं और संस्थानों के बारे में सुना। तभी से तय किया कि मुझे डेटा-बेस्ड इंजीनियर बनना है। स्कूल की पढ़ाई के बाद प्रतिदिन 7 घंटे सेल्फ स्टडी की। इंटरनेट, मोबाइल कुछ नहीं था, जिससे ध्यान भटकने का कोई सवाल ही नहीं था। मैं दो साल में केवल दीपावली पर ही घर गया। घर की आर्थिक स्थिति भी ज्यादा मजबूत नहीं है, लेकिन माता-पिता बस यही चाहते हैं कि मेरा भविष्य उज्ज्वल हो।

#### 9वीं से तय कर लिया था लक्ष्य

जब किसी लक्ष्य को समय रहते पहचान लिया जाए और उस दिशा में निरंतर मेहनत की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। गरियाबंद जिले के केतन राजदीप ध्रुव ने इस बात को सच कर दिखाया है। केतन ने जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर लिया है। केतन ने बताया, मैंने प्रयास विद्यालय में जब शिक्षकों से पहली बार आईआईटी के बारे में सुना, तभी मन में ठान लिया था कि मुझे यही करना है। मैंने कक्षा 9वीं से ही जेईई की तैयारी शुरू कर दी थी। शुरुआत में एनटीएसई परीक्षा के जरिए बुनियादी चीजों को समझा और फिर उसी आधार पर जेईई की तैयारी को मजबूत करता गया। पिछले दो सालों से वे रोजाना 7 से 8 घंटे की सेल्फ स्टडी कर रहे हैं। उनका लक्ष्य मैकेनिकल ब्रांच में प्रवेश लेकर भविष्य में एक उत्कृष्ट इंजीनियर बनना है।



#### किताब और शिक्षकों के मार्गदर्शन से मिली सफलता

कोंडागांव जिले के लोकेश कुमार साहू ने जेईई मेन 2025 क्वालिफाई कर लिया है और अब जेईई एडवांस की परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। लोकेश ने कहा कि स्कूल में नियमित पढ़ाई, पाठ्यपुस्तकों का सही उपयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से मुझे यह सफलता मिली है। जेईई मेन की परीक्षा के बाद आत्मविश्वास था कि मैं पास कर लूंगा, क्योंकि तैयारी मजबूत थी। कभी डर नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा कि उनका सपना आईटी सेक्टर में कॅरियर बनाना है। प्रयास विद्यालय में चौखंबा एजुकेशनल सोसायटी के अनुभवी शिक्षकों द्वारा निरंतर अध्यापन किया जा रहा है। उनके द्वारा तैयार की गई विशेष अध्यापन सामग्री भी छात्रों की सफलता में एक बड़ी भूमिका निभा रही है।



## एलन रायपुर के 30 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल किया

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई-मेन 2025 के रिजल्ट में एलन कैरियर इंस्टीट्यूट रायपुर के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन कैरियर इंस्टीट्यूट रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि एलन रायपुर से हर्षल गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी कैटेगरी में 99.9619472 के स्कोर के साथ ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। इसके साथ ही किंशुक केडिया ने एआईआर-696, हर्ष कुमार ने एआईआर-1130, अक्षत गोयल ने 1244, पृथ्वी देवांगन ने 1407 और तनिषा अग्रवाल ने एआईआर-1486 प्राप्त की। गौरतलब है कि तनिषा अग्रवाल, प्रद्युम्न गोंदुले और तेजस साहू ने फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया है।



एलन के हर्षल को पीडब्ल्यूडी केटेगरी में एआईआर-1

#### 130 स्टूडेंट्स जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई

*अब तक देखे गए परिणामों में एलन रायपुर के 30 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक स्कोर किया है और 130 स्टूडेंट्स जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। एलन कैरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने परिणामों पर खुशी जताते हुए बताया कि टॉप-100 रैंक में एलन के 31 स्टूडेंट्स ने सफलता हासिल की है। इनमें 300/300 अंक लाने वाले एलन कोटा क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है।*

#### टॉप-100 में एलन के स्टूडेंट्स

एनटीए द्वारा जारी परिणामों में ओवरऑल 100 पर्सेंटाइल स्कोर करने वाले एलन कोटा के ओमप्रकाश बेहरा को ऑल इंडिया रैंक-1, सक्षम जिंदल को एआईआर-10, अर्नव सिंह को एआईआर-11, राजित गुप्ता को एआईआर-16, मोहम्मद अनस को एआईआर-17 और लक्ष्य शर्मा को एआईआर-22 प्राप्त हुई है।एलन डिजिटल के ऑनलाइन लाइव क्लासरूम कोर्स के स्टूडेंट अरित्रो रॉय ने ऑल इंडिया रैंक 51 प्राप्त की। टॉप-100 में एलन कैरियर इंस्टीट्यूट के 31 स्टूडेंट्स शामिल हैं, जिनमें से 25 क्लासरूम कोर्स से और 6 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से जुड़े हैं।गत वर्ष भी एलन क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्णा ने ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की थी। एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज की छात्रा देवदत्ता माझी ने भी 300/300 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त किया है।

## कार्नर न्यूज

### महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल महाविद्यालय समता कॉलोनी में रोवर रेंजर कैंप

# बिना बर्तनों के बना लजीज खाना रोवर रेंजर छात्रों ने दिखाया हुनर



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल समता कॉलोनी महाविद्यालय में दो दिवसीय रोवर रेंजर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के पहले दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि जी. स्वामी (जिला संघ अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड) और मैक के पूर्व चेयरमैन एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड राजेश अग्रवाल उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि मैक के चेयरमेन रमेश अग्रवाल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं को चार टीमों में विभाजित किया गया, जिनका नाम महान स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखा गया – चंद्रशेखर आजाद, भगतसिंह, महारानी लक्ष्मीबाई और सरोजिनी नायडू। इन टीमों ने एकता और सामंजस्य के साथ विभिन्न प्रकार के क्षेत्रीय और राजकीय परंपरा के व्यंजन बनाए और प्रस्तुत किए।



#### तीरंदाजी, लेसिंग और नाटिंग की कक्षाएं भी

प्रथम दिवस की शुरुआत एक प्रार्थना सभा से हुई, जिसके बाद रोवर रेंजर के छात्रों ने बिना बर्तन के खाना बनाने की कला का अभ्यास किया। इसके अलावा तीरंदाजी, लेसिंग और नाटिंग की कक्षाएं भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में बेस्ट रोवर का पुरस्कार सुलज राउत और बेस्ट रेंजर का पुरस्कार कशिश प्रियदर्शनी राउत को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को समझने और आत्मसात करने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त किया। पिछले 10 वर्षों से यह कैंप महाविद्यालय में नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों को न केवल रोवर रेंजर की गतिविधियों में भाग लेने का मौका देता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति से भी जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

#### सक्रिय भागीदारी के लिए किया प्रेरित

द्वितीय दिवस समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सत्यनारायण शर्मा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड्स) उपस्थित रहे। उन्होनें विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि टीमवर्क, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण गुणों द्वारा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा तथा एडमिनिस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा के निर्देशन में आयोजित किया गया।



सिटी लाइव

# कथक अश्वमेध प्रतियोगिता में शिवांश को द्वितीय स्थान




**रायपुर।** शहर के चक्रपिया नृत्य कला केंद्र के युवा कथक नर्तक शिवांश कुर्म ने इंटरनेशनल कथक अश्वमेध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में शिवांश ने शिव वंदना, बोल, परन कवित सहित रायगढ़ घराने की बंदिशों का शानदार लाइव प्रदर्शन किया। इस प्रस्तुति के दौरान तबले पर तालमणि अशोक कुर्म, गायन हारमोनियम पर तारेंद्र सेन और पंढत पर ऐश्वर्यदा कुर्म ने अपना योगदान दिया। कथक गुरु तरुण कुर्म के सुपुत्र शिवांश कुर्म बचपन से ही कथक के छात्र रहे हैं और उन्होंने कथक में कोविद डिप्लोमा प्राप्त किया है। इसके साथ ही शिवांश कंप्यूटर में बी-टेक के अंतिम वर्ष के छात्र हैं।

### 800 कलाकारों ने ऑनलाइन ऑडिशन दिया

इस प्रतियोगिता के लिए अमेरिका, यूके, भारत और अन्य देशों से 800 कलाकारों ने ऑनलाइन ऑडिशन दिया था, जिनमें से 30 सर्वश्रेष्ठ कलाकारों का चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 15 से 17 अप्रैल तक भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित शहीद भवन में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी और नकद राशि से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जयपुर के प्रसिद्ध कथक गुरु स्व. कुंदनलाल गंगानी और स्व. साधना नाफड़े जी की स्मृति में आयोजित किया गया था। इसे निर्झर संस्था नागपुर के संयोजक समीर नाफड़े द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

समाज लाइव

# मंडप में निभाई हल्दी-मेहंदी की रस्में, आज होगी शादी



**रायपुर।** बिरगांव में गरीब और अनाथ बेटियों का विवाह जहां रविवार को धूमधाम से होने वाला है। वहीं शनिवार को सभी नौ कन्याओं के लिए लग्न मंडप सजाने के साथ ही तेल, हल्दी और मेहंदी की रस्में भी उत्साह से मनाई गई। लगातार आठवें वर्ष भी नारी विकास समूह एवं जनसेवा संस्कार उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इसकी कमान महिला आयोग की पूर्व सदस्य पद्मा चंद्राकर संभाल रही है। उन्होंने विवाह के संबंध में बताया कि इस बार भी यह वैवाहिक आयोजन बिरगांव निगम के पास स्थित सांस्कृतिक भवन में किया जा रहा है। जहां कन्याओं का विवाह रस्मो-रिवाज का पालन करते हुए विधि-विधान से किया जा रहा है।

### धूमधाम से निकलेगी बारात

रविवार को सभी कन्या की बारात निकाली जाएगी। विदाई के समय सभी कन्याओं को घर चलाने के लिए जरूरी सामान उपहार में दिया जाएगा। परिणय संस्कार उत्सव में विशेष रूप से पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, भाजपा के संगठन मंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, आरडीए के अध्यक्ष नंदे साहू, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, रायपुर की महापौर मीनल चौबे नवयुगल दंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए विशेष रूप से मौजूद रहेंगी।

पीएम मोदी के आव्हान पर 21 देशों में आर्य समाज का आयोजन, रायपुर में आज भी गूंजेगा स्वाहा-स्वाहा

# 200 कुंडीय धर्म रक्षा महायज्ञ में 500 भक्तों ने यजमान बनकर मंत्रोच्चार के साथ दीं 25000 आहुतियां

“

'आर्य समाज ने जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम से सटे हॉकी स्टेडियम परिसर में भव्य पंडाल सजाया। जहां शनिवार को सुबह आर्य समाज के स्थापना के 150वें और महर्षि दयानंदजी सरस्वती की 200वीं जयंती को लोगों ने धार्मिक उत्सव का रूप दिया। इस दो दिवसीय महायज्ञ के पहले दिन एक ही पंडाल में 200 कुंडीय धर्म रक्षा महायज्ञ में 500 लोगों ने यजमान बनकर 25000 आहुतियां दीं। इसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी आहुति देने पहुंचे।'

**रायपुर।** सुप्रसिद्ध समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जन्म जयंती के 200 वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को सुबह 8 बजे 200 कुण्डीय धर्म रक्षा महायज्ञ का आगाज किया गया। इस महायज्ञ में अंतर्राष्ट्रीय वेद कथाकार आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मन से काम करने से मनोकामना पूर्ण होती है। अगर अधूरे मन से काम करेंगे तो आपको कभी पूर्णता प्राप्त नहीं होगी। यज्ञ, धर्म, संस्कृति, परंपरा, दान से जुड़ा हुआ जो भी काम करें, उसे मन लगाकर समर्पण भाव से करें। महर्षि दयानंद सरस्वती ने कहा है, सत्य के ग्रहण करने व असत्य को छोड़ने का उद्देश्य जरूर होना चाहिए।



### आज आएंगे मुख्यमंत्री साय

*राकेश दुबे एवं जीवर्धन शास्त्री ने यजमानों से रविवार को महायज्ञ में सुबह 8 बजे के शुभ मुहूर्त में पहुंचने आग्रह किया है। इसमें विशेष रूप से गुजरात के राज्यपाल डॉ. आचार्य देवव्रत और सीएम विष्णु देव साय शामिल होंगे। आर्य समाज के इस कार्यक्रम में आचार्य सुरेश, मुकेश, भगवन देव के साथ 31 वेदपाठी कन्याएं और 101 ब्रह्मचारी भाग ले रहे हैं। इसके प्रयास और सहयोग से ही अंतिम दिन भी महायज्ञ में यजमान के रूप में लोग आहुतियां देंगे। इसके बाद वैचारिक सम्मेलन का सिलसिला चलेगा।*




**21 देशों में किया जा रहा महायज्ञ**

*इस महायज्ञ में छत्तीसगढ़ की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की गई। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि यज्ञ को दुनिया का श्रेष्ठतम कर्म कहा गया है, क्योंकि यज्ञ करने वालों के दिल में कभी दीवार नहीं होती। चार दिन की जिंदगी टकरा रहे हैं किसलिए, चार दिन की जिंदगी, ये दीवारें किसलिए। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर आर्य समाज ने भारत के सभी राज्यों के साथ ही 21 देशों में इस महायज्ञ के लिए आहुति कुण्ड सजाया है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विश्व कल्याण की भावना से प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुए महायज्ञ कुंड में आहुति दी।*

### कुटुंब की भावना का संदेश देंगे

आर्य समाज के भव्य सम्मेलन में डॉ. सिंह ने कहा, आर्य समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। आज से डेढ़ सौ साल पहले देश में जो विषम परिस्थिति थी। उसमें आर्य समाज का व्यवहार आदर्श भी रहा है। आजादी के आंदोलन में 80% से अधिक आर्य समाजी थे। मैं यह कह सकता हूं कि देश की स्वतंत्रता से लेकर देश के नवनिर्माण तक आर्य समाज ने अहम भूमिका निभाई है। इस महान अवसर पर सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम छत्तीसगढ़ की धरती से विश्व को विश्व शांति और कुटुंब की भावना का संदेश देंगे। महर्षि ने स्वदेशी और स्वराज की अलख सबसे पहले जगाई।



### 8 राज्यों के पदाधिकारी हुए शामिल

छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान रामकुमार पटेल, मंत्री अवनी भूषण पुरंग के साथ ही मंच पर कोषाध्यक्ष जगबंधु शास्त्री एवं संयोजक रूपनारायण सिन्हा, अध्यक्ष योग आयोग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा गुजरात, मुंबई, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्यप्रदेश, ओडिशा के साथ उत्तरप्रदेश, बंगाल से आर्य प्रतिनिधि भाग लेने पहुंचे हैं। इनके बीच गौतम खट्टर ने कहा, हिंदू समाज को संपूर्ण चेतना को एकत्रित कर सिंह गर्जना करनी चाहिए, नहीं तो विश्व मेमना समझ लेगा। विनय आर्य ने भी महर्षि के जीवन प्रसंगों का जिक्र किया।

# कब्रिस्तान में जलाएंगे मोमबत्ती गीतों में पिरोएंगे प्रभु यीशु का संदेश



**रायपुर।** इस साल भी शहर में ईस्टर पर्व मनाने तैयारी की गई है। छत्तीसगढ़ डायोसिस के सचिव नितिन लॉरेंस ने बताया कि ईस्टर की रात मसीही समुदाय के लोग कब्रिस्तान में मोमबत्ती जलाने के बाद लौटेंगे। सुबह 8 से 11 बजे के बीच सभी चर्चों और महागिरजाघर में प्रार्थना सभा की तैयारी लोगों के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि ईस्टर, प्रभु यीशु मसीह के मृतकों में जीवित होने (पुनरुत्थान) का पर्व है। शुक्रवार को उनका क्रूस पर बलिदान और रविवार को उनके पुनर्जीवित होने की स्मृति में मनाया जाता है। यह पर्व प्रेम, बलिदान, क्षमा और सत्य की शक्ति में विश्वास करता है। यीशु का पुनरुत्थान मसीहियों के लिए ही नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। जो लोग जीवन में संघर्ष कर रहे है। यह पर्व हमें बताता है कि पराजय के बाद विजय संभव है।

### मसीही समाज ने जताया पीएम मोदी का आभार

*मसीही समुदाय ने पीएम नरेंद्र मोदी को हार्दिक धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। जिन्होंने गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। नितिन लॉरेंस ने कहा, पीएम के मन में मसीही समुदाय के लिए यह स्नेह संदेश सम्मान की बात है। उनका सभी धर्मों के प्रति समभाव और करुणा को दर्शाता है। मसीही समुदाय प्रार्थना करता है कि देश में एवं प्रदेश में इसी प्रकार शांति, प्रेम और एकता का भाव बना रहे। समुदाय इसी भाईचारे की भावना से विकास में सहभागी रहेगा।*

# 19 अप्रैल से 6 जुलाई तक 25 दिन मुहूर्त, अक्षय तृतीया समेत 5 अबूझ मुहूर्त, मैरिज पैलेस फुल

**रायपुर।** नव संवत्सर के बाद 14 अप्रैल से विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों की एक बार फिर शुरुआत हो चुकी है। यह सिलसिला 6 जुलाई तक चलेगा। 19 अप्रैल से 6 जुलाई तक कुल 25 दिन शुभ मुहूर्त आएंगे। इनमें 22 सावे और 5 अबूझ मुहूर्त शामिल हैं। ज्योतिषाचार्य पं. आतिम चक्रबर्ती और भगवताचार्य पं. लाखेश्वर पांडेय बताते हैं कि 14 अप्रैल सोमवार तड़के 3:21 बजे सूर्य का मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश किया है। इसी के साथ मीन मलमास समाप्त हो गया। मांगलिक कार्यों पर लगा विराम हट गया। इसके बाद से ट्विनसिटी में लगातार शादियां शुरू हो गई है।

मैरिस पैलेस संचालकों की मानें तो पूरे महीने अप्रैल महीने में बुकिंग हैं, जुलाई महीने तक कम से कम 1 हजार शादियां होंगी। यह आंकड़े केवल शहरी क्षेत्र के हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी शादियों का दौर शुरू हो चुका है। पंडित चक्रबर्ती बताते हैं कि इस अवधि में गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत, गृहारंभ, व्यवसाय आरंभ सहित विवाह संस्कार जैसे कार्य संपन्न किए जा सकेंगे। रेखा अनुसार सावे मुहूर्त में 10 रेखा में 2 मुहूर्त 9 जून, 10 जून, 9 रेखा में 2 मुहूर्त 29 अप्रैल, 30 अप्रैल, 8 रेखा में 6 मुहूर्त 16 अप्रैल, 5 मई, 6 मई, 2 जून, 7 जून, 8 जून, 7 रेखा में 8 मुहूर्त 19 अप्रैल, 20 अप्रैल, 25 अप्रैल, 7 मई, 8 मई, 17 मई, 4 जून,6 रेखा में 3 मुहूर्त 13 मई, 1 जून हैं। गुरु अस्त में 14 जून से 7 जुलाई के दौरान भी 5 अबूझ व स्वयं सिद्ध मुहूर्तों में विवाह जैसे मांगलिक कार्य संभव रहेंगे। मुख्य रूप से 30 अप्रैल अक्षय तृतीया, 5 मई जानकी नवमी, 12 मई वैशाखी पूर्णिमा, 5 जून गंगा दशमी, 4 जुलाई भड़ल्या नवमी, 6 जुलाई को देव शयनी एकादशी में मुहूर्त है। इसके बाद मांगलिक कार्यों पर फिर से रोक लग जाएगी। अगला शुभ विवाह मुहूर्त 1 नवंबर को देव प्रबोधिनी एकादशी से प्रारंभ होगा। इस प्रकार अप्रैल से जुलाई तक मुहूर्त के बाद नवंबर महीने में 21 से 25, 29 व 30 (7 दिन), दिसंबर में 1, 4, 5 व 6 (4 दिन) का विशेष मुहूर्त है। मुहूर्तों को ध्यान रखते हुए लोगों ने शादी सेट करना शुरू कर दिया है। आगामी दिनों में दुर्ग और भिलाई दोनों शहरों में शादी की खासी धूम रहेगी।



### दिन में शादी के लिए शुभ मूहूर्त

ज्योतिषाचार्य लाखेश्वर पांडेय ने कहा कि आज के समय में लोग दिन के भी मुहूर्त का विशेष ध्यान रख रहे हैं, क्योंकि ज्यादातर शादियां दिन में भी हो रही है। उन्होंने कहा इसलिए जिन्हें दिन में शादी करनी है, वह दिन की तिथियां को देखें और जिन्हें रात्रि में शादी करनी है।

### जन्म पत्रिका के अनुसार बनता है शादी-ब्याह का योग

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मांगलिक कार्यक्रम में पाणिग्रहण संस्कार का बहुत बड़ा महत्व है। विवाह का दिन व लग्न निश्चित करते समय वर एवं वधु की जन्म पत्रिका के अनुसार सूर्य, चंद्र व गुरु की गोचर स्थिति का ध्यान रखना जरूरी होता है। ज्योतिषाचार्य ने कहा कि जब सूर्य का मकर राशि में प्रवेश हो जाता है। उसके बाद से ही मांगलिक कार्यक्रम शुरू होता है। उन्होंने कहा कि जब सूर्य बृहस्पति राशि में प्रवेश करता है तो पुनः खरमास शुरू हो जाता है। तिथि को देखते हुए मुहूर्त निकाला जाता है। पंडितों ने बताया कि इस वर्ष शादी को लेकर कुछ खास मुहूर्त है।

# गोमाता की विलुप्तता मानव समाज को ही निगल जाएगी



**रायपुर।** राजा ऐसा होना चाहिए, जिससे राज्य में रहने वाले लोग सुख-शांति से भयमुक्त जीवन व्यतीत करें। ऐसे राजाओं को स्वर्ग में जगह मिलती है, लेकिन देश के कई राजाओं ने अपनी कार्यप्रणाली ऐसी रखी है कि इंद्रदेव को भी अपनी गद्दी उनके लिए समय-समय पर त्यागनी पड़ी। अभी के रूप सत्ता में बैठे लोग गद्दी बचाने के लिए तरह-तरह के काम कर रहे हैं। आगे कहा कि लोग गोमाता का संरक्षण नहीं करेंगे तो मानकर चलिए कि गाय की विलुप्तता मानव समाज को निगल जाएगी। जो लोग गोमाता का आदर और सेवा करते हैं। उनके घर भगवान स्वयं पुत्र बनकर अवतरित होते हैं, इसका उदाहरण नंद बाबा हैं। ये बातें आचार्य पं. झम्मन शास्त्री ने रायपुरा के अग्रोहा कालोनी में जारी श्रीमद भागवत कथा में कही।

### बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए

आचार्यश्री ने कथा भाग के पंचम दिवस कहा कि भागवत कथा का आयोजन मनोरंजन का विषय नहीं है। यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है। आज-कल श्रीमद भागवत जैसे पुण्यग्रंथ को भी मनोरंजन का साधन बना दिया है। व्यासपीठ का महत्व नहीं समझ रहे हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है, इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए। आगे कहा कि भागवत कथा सुनाने और सुनने वाले दोनों में इसके प्रति अटूट आस्था और प्रेम होना चाहिए, इसी में आयोजन की सार्थकता है। कथावाचक ने कहा कि हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने की जरूरत है।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'का ट्रेलर रिलीज, दर्शकों के लिए एडवेंचर

'द फैंटास्टिक फोर'नाम से हॉलीवुड में सुपरहीरो वाली फिल्म पहले भी बन चुकी है। इन्हीं कैरेक्टर्स पर कॉर्टून फिल्में भी बनी हैं। जल्द ही फिल्म 'द फैंटास्टिक



फोर-फर्स्ट स्टेप'भी रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। हाल ही में हॉलीवुड की फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसके टीजर ने जहां दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी थी, वहीं अब ट्रेलर ने हंगामा ही कर दिया है। सुपरहीरो वाली फिल्में पसंद करने वाले दर्शक इसके ट्रेलर को देखकर खुश हैं। सोशल मीडिया पर ट्रेलर को अच्छा रेस्पॉन्स भी मिला है। जानिए क्या खास है फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'के ट्रेलर में। सुपरहीरो वाली फिल्मों को पसंद करने वाला एक बड़ा दर्शक वर्ग दुनिया ही नहीं भारत में भी मौजूद है। स्पाइड मैन, सुपरमैन, आयरन मैन जैसे सुपरहीरो पर कई हॉलीवुड फिल्में बनी हैं। इनके अलावा चार अलग-अलग सुपरहीरो को एक साथ लाकर एक फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर'भी दर्शकों को देखने को मिली। इसी सीरीज की एक फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'जल्द रिलीज होगी। यह फिल्म दुनिया भर में 25 जुलाई को रिलीज होगी।

फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'का ट्रेलर रिलीज हुए चंद ही घंटे गुजरे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। कुछ ही घंटों में इसके ट्रेलर को यूट्यूब पर 23 लाख व्यूज मिले हैं। दर्शकों को ट्रेलर में एक डायलॉग 'हम परिवार की तरह इस मुश्किल का सामना करेंगे'वाला डायलॉग सबसे ज्यादा पसंद आया है।

### टॉलीवुड

## पृथ्वीराज को 'आडुजीवितम' के लिए मिला पुरस्कार, पसंद की गई अदाकारी

पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों अपनी फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ मोहनलाल भी मुख्य भूमिका में नजर आए। इसी बीच



पृथ्वीराज को उनकी फिल्म 'आडुजीवितम - द गोट लाइफ' के लिए सर्वक्षेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसे सुनकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं।

16 अप्रैल को तिरुवनंतपुरम में आयोजित 54वें केरल राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह में अभिनेता-निर्देशक पृथ्वीराज सुकुमारन को फिल्म 'आडुजीवितम - द गोट लाइफ' में नजीब की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार मलयालम सिनेमा और इसकी बेहतरीन प्रतिभाओं के लिए आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा प्रदान किया गया। 'आडुजीवितम' फिल्म के निर्देशक ब्लेसी ने इंस्टाग्राम पर पृथ्वीराज के साथ कई तस्वीरें शेयर कीं और 54वें केरल राज्य में मिले सम्मान की झलकियां पेश कीं।

### छॉलीवुड

## जानकी-1 व गुईयां-2 का ट्रेलर लॉन्च, सितारों की सजी महफ़िल

छत्तीसगढ़ सिनेमा के इतिहास में ऐसा पहली बार दो मेगा फिल्मों का ट्रेलर एक साथ लांच किया गया। एन माही फिल्मस प्रोडक्शन द्वारा निर्मित हिंदी-छत्तीसगढ़ी



फिल्म जानकी भाग-1 और छत्तीसगढ़ी फिल्म गुईयां-2 का फर्स्ट ट्रेलर लांच बूढ़ा तालाब श्याम टॉकीज परिसर में शनिवार की शाम को आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों फिल्म के सभी प्रमुख कलाकार सहित फिल्म की पूरी टीम, निर्माता एवं एक्शन डिजाइनर छत्तीसगढ़ के निर्माता मोहित कुमार साहू भी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य रूप में अभिनेता योगेश अग्रवाल, निर्माता सतीश जैन, मनोज वर्मा, निरज विक्रम, गजेन्द्र श्रीवास्तव, संतोष जैन, रॉकी दासवानी, भारती वर्मा, श्याम सिनेमा आनर्स लाभांश तिवारी, पूर्व पार्षद किरण साहू के करकमलों ट्रेलर लांच किया गया।

निर्माता मोहित साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्म गुईयां-1 की अपार सफलता के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का आभार, इसी के साथ मैं बता देना चाहता हूं कि अभी कहानी खत्म नहीं हुआ है, हमने आज ही गुइयां -2 का भव्य ट्रेलर लांच किया है, इसके साथ ही मेगाबस्टर हिंदी- छत्तीसगढ़ी फिल्म जानकी -1 का ट्रेलर भी लॉन्च किया है, जो छत्तीसगढ़ के साथ पेन इंडिया रिलीज होना है। मोहित साहू ने कहा कि उम्मीद है कि जनता का जैसे प्यार, दुलार और स्पोर्ट अब तक मिला है वैसा ही हमारे इन दोनों फिल्मों को भी मिलेगा और हम एक बार फिर इतिहास रचने कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि गुईयां -2 अगले मई के 2 तारीख की रिलीज होने वाला है, जबकि जानकी भाग -1 इसके अगले महीने 13 जून को रिलीज किया जाएगा।

बता दे कि हाल ही में अचानक छालीवुड फिल्म स्टार अमलेश नागेश ने एक वीडियो के माध्यम से इंडस्ट्री से दूरी बना लेने की मंशा जाहिर किया था, परंतु छत्तीसगढ़ी फिल्म के चहेते उनके प्यारे प्रशंसकों के प्यार और दुलार ने उन्हें इंडस्ट्री में एक बार फिर खींच लाया है और अब वे फिल्म गुईयां -2 में सुपर स्टार दिलेश साहू, प्रकाश अवस्थी,अनुकृति चौहान, दीक्षा जायसवाल जैसे स्टार के साथ इस फिल्म में एक बार फिर ब्लाकबस्टर इंट्री करने जा रहे हैं।

लाइफ



## भारतीय फैशन उद्योग में उछाल

देश की तेजी से बढ़ती युवाओं की आबादी के चलते भारतीय फैशन उद्योग में बूम जैसी स्थिति है। मैकिन्से एंड कंपनी की रिपोर्ट में 2027 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डाला गया है। यह उछाल 'मध्यम वर्ग का विस्तार', 'युवा जनसांख्यिकी' और 'डिजिटल उछाल' जैसे कई कारकों से प्रेरित है। इसके अलावा, डिजिटल स्पेस के बढ़ते उपयोग ने भी भारतीय फैशन उद्योग को ऊंचाईयां दी है।

## पार्टी में स्टाइल करें चेक डिजाइन आउटफिट्स







पार्टी में जाने के लिए आप अगर किसी अलग तरीके के डिजाइन के आउटफिट को सर्च कर रही हैं, तो इस बार आप चेक आउटफिट को स्टाइल करें। इसमें आपका लुक काफी अच्छा लगेगा।

पार्टी में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन वहां जाने के लिए अक्सर हम एक ही चीज को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि क्या पहनकर जाया जाए। इसके लिए हम कई सारे कपड़ो को वॉर्डरोब से बाहर निकालते हैं, ताकि अगर कुछ समझ आए तो उसे स्टाइल करें। लेकिन ऐसा नहीं होता है। ऐसे में आप इस बार चेक डिजाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करें। चेक डिजाइन वाली ड्रेस अच्छी लगती हैं और लुक को अलग दिखाती हैं। इसमें आपको ऑप्शन भी कई सारे मिल जाते हैं। चलिए आपको बताते हैं किन ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं।

**मैक्सी ड्रेसः** आप अगर डे पार्टी के लिए आउटफिट ऑप्शन सर्च कर रही हैं तो इसके लिए आप चेक डिजाइन वाली मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आप सबसे अलग और अट्रैक्टिव नजर आने वाली हैं। इसमें आपको ए लाइन मैक्सी ड्रेस और स्लिट कट मैक्सी ड्रेस के ऑप्शन मिल जाएंगे। इस ड्रेस के साथ आप पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**ए लाइन ड्रेस करें स्टाइल :** आप चेक डिजाइन में ए लाइन ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं।

## लंबे समय तक टिका रहेगा बालों का कलर, एक्सपर्ट से जानें तरीका

बालों में कलर करना आजकल लोगों को काफी पसंद है। लेकिन यह तो अजीब लगता है। जब यह हटने लगता है। इससे बालों का टेक्सचर भी खराब होने लगता है। इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट सलाह लें। बालों को हेल्दी रखना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन आजकल लोग हेयर ट्रीटमेंट के साथ-साथ बालों में कलर करना भी काफी पसंद कर रहे हैं। अलग-अलग तरह के कलर लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। कई सारे लोग डबल शेड के कलर को अपने बालों में कराते हैं। वहीं कई लोग एक ही कलर को अपने बालों के आधे हिस्से पर करना पसंद करते हैं। लेकिन दिक्कत तब आती है जब कुछ समय बाद यह कलर खराब होने लगता है। इसके लिए आपको डॉक्टर सलोनी वोहरा के टिप्स को फॉलो करें। इसमें उन्होंने बताया है कि आप किस तरह से बालों के कलर को बचाकर रख सकते हैं। चलिए आपको भी इसकी जानकारी देते हैं।




### कलर करने से पहले डीप कंडीशनिंग ट्रीटमेंट लें

बालों में कलर कराने से पहले अपने बालों के लिए डीप कंडीशनिंग ट्रीटमेंट जरूर लें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे बालों में किया गया कलर अच्छे से लग पाता है। साथ ही जब ये ट्रीटमेंट पूरा हो जाता है तो इससे बाल अच्छे और शाइनी लगते हैं। इसे कराने के बाद आपके बाल भी कम डैमेज होते हैं। इसलिए आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकती हैं।

### कलर प्रोटेक्टिंग हेयर प्रोडक्ट का करें इस्तेमाल

जब भी आप बालों को कलर कराते हैं तो जिस जगह से आप इन्हें करवाते हैं। वहां से आपको कुछ ऐसे प्रोडक्ट मिलते हैं जिन्हें आपको इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि आपके बालों का कलर लंबे समय तक टिका रहे। यह कलर प्रोटेक्टिव प्रोडक्ट होते हैं। जिससे बाल हेल्दी रहते हैं।

## पुरानी साड़ी से बनाएं खूबसूरत आउटफिट्स, लोग करेंगे तारीफ



पुरानी साड़ी को अलमारी में रखने की बजाए उसे दोबारा रीयूज करें और अलग-अलग डिजाइन की ड्रेस तैयार करवाएं। इससे आपको मार्केट जाकर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जब भी हमें कहीं बाहर जाना होता है तो इसके लिए हम काफी समय पहले से ही शॉपिंग करना शुरू कर देते हैं। किसी को एथनिक आउटफिट खरीदना पसंद होता है तो कोई अपने लिए वेस्टर्न ड्रेस को खरीदता है। लेकिन जो कपड़े हमारी अलमारी में पहले से ही रखे हुए होते हैं उसे इस्तेमाल करना हम भूल जाते हैं। साड़ी के साथ भी अक्सर ऐसा ही होता है। कई सारी साड़ी ऐसी होती हैं, जिन्हें इस्तेमाल करने के बारे में हम कई बार भूल जाते हैं। लेकिन इस बार आपको बाजार से जाकर ड्रेस लेने की जरूरत नहीं है। बल्कि हम आपको बताएंगे। आपकी अलमारी में रखी साड़ी को आप कैसे इस्तेमाल कर सकती हैं।

### पुरानी साड़ी से बनाएं प्लाजो

अगर आपके पास सिल्क की ऐसी कोई साड़ी रखी है जो इस्तेमाल में नहीं आ रही है तो इसके लिए आप प्लाजो रेडी करा सकती हैं। यह आसानी से बन जाता है और किसी भी टॉप के साथ वियर किया जा सकता है। आप चाहें तो इसके ऊपर पहनने वाली स्लिट कुर्ती के साथ भी आप इसे वियर कर सकती हैं। जिससे लुक अच्छा लगे। इस तरह के प्लाजो में आप अपने हिसाब से घेर भी तैयार करा सकती हैं। जिससे वो अच्छा लगे। अगर आपके पास पुरानी बांधनी साड़ी रखी है तो आप इसे रीयूज करके अनारकली सूट तैयार कर सकती हैं। आजकल इस तरह के सूट काफी ट्रेंड में है और अच्छे लगते हैं। ऐसे में आप इन्हें बाजार से खरीदने की बजाए घर पर रखी साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करके अपने टेलर से तैयार करा सकती हैं।

## दुल्हन के लिए खूबसूरत और लाइटवेट लहंगे की डिजाइंस



समय बहुत बदल चुका है और समय के साथ-साथ फैशन में भी बहुत बदलाव देखे जा रहे हैं। यदि ब्राइडल फैशन की बात की जाए, तो अब दुल्हनें भारी-भरकम जरी गोटे के काम वाले लहंगे को पहनना कम पसंद करती हैं। हालांकि, इस तरह के लहंगों का क्रेज अभी भी बरकरार है, मगर अब लाइटवेट ब्राइडल लहंगे लड़कियों को ज्यादा भाते हैं। इस तरह के लहंगों में आपको बहुत सारी वेराइटी भी मिल जाएंगी। आजकल फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया बनारसी सिल्क लहंगा भी बहुत ज्यादा ट्रेंड में है।

वाराणसी में हुए एक फैशन शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने बनारसी सिल्क फैब्रिक से बना बहुत सिंपल सोबर ब्राइडल लहंगा पहन कर रैंप वॉक किया था। इस लहंगे को महिलाओं के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। बनारसी सिल्क को पूरी दुनिया बहुत पसंद किया जाता है और यह बहुत ही फाइन एवं सॉफ्ट सिल्क की केटेगरी में आता है। इस तरह के लहंगे आप भी अपनी शादी के लिए तैयार करा सकती हैं। आपको बनारसी सिल्क में भी बहुत सारी वेराइटी मिल जाएगी। अगर आप प्योर सिल्क का लहंगा नहीं अफोर्ड कर पा रही हैं, तो ब्रोकेड सिल्क और रॉ सिल्क में आपको बहुत सारी वेराइटी मिल जाएंगी।

कार्नर न्यूज

### अब दौर है आर्टिफिशियल ज्वेलरी का, इन्हें सहेज कर रखना भी एक कला

## महंगी आर्टिफिशियल ज्वेलरी को पहनें जतन से और रखें बेहद सावधानी से , सालों-साल नहीं पड़ेगी काली

ऑक्सीडाइज ज्वेलरी हो या मोती के सेट महिलाओं के पास एक या दो नहीं बल्कि कई सारे आर्टिफिशियल ज्वेलरी होती है। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की खास बात यह है कि ये सोने और डायमंड से कम दाम पर मिलते हैं और पहनने पर खूबसूरत भी लगते हैं। सभी महिलाओं को ट्रेंड के हिसाब से गहने पहनने का शौक होता है। वैसे भी अभी शादियों का सीजन चल रहा है और इस समय लोग खूब सारे तरह-तरह के आर्टिफिशियल सेट और झुमके ले रहे हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी लेना तो आसान है, लेकिन उनका रखरखाव करना मुश्किल। जरा सी लापरवाही और महंगे से महंगे ज्वेलरी हो जाएंगे खराब। आपके महंगे ज्वेलरी जल्दी खराब न हो और सालों साल नई जैसी चमक बरकरार रखे इसके लिए आज हम कुछ टिप्स शेयर करेंगे।



### मोती की ज्वेलरी को इस तरह से करें स्टोर

मोती की इयर रिंग्स हो या नेकलेस इसे कभी भी दूसरे ज्वेलरी के साथ प्लास्टिक और दूसरे मैटल के स्टोरेज बॉक्स में न स्टोर करें। हमेशा मोती के गहनों की शाइन बरकरार रखने के लिए उन्हें लकड़ी के डिब्बों में स्टोर करें। लकड़ी के बॉक्स में कपड़े या वेलवेट के रुमाल बिछाकर मोती के गहनों को रखें।

### अमेरिकन डायमंड ज्वेलरी को ऐसे करें स्टोर

अमेरिकन डायमंड गहनों को पहनने के बाद कभी भी उसमें पानी न पड़ने दें, पानी पड़ने के बाद जल्दी ही ऐडी ज्वेलरी काले पड़ने लगते हैं और उनकी शाइन खत्म हो जाती है। कभी भी एडी ज्वेलरी को किसी दूसरे मेटल के ज्वेलरी के साथ ऐसे ही न रखें। ऐडी के गहनों को अलग वेलवेट (वेलवेट साड़ी लुक) वाले बॉक्स में रखें, ताकि कोई स्क्रैच या नमी न आए।



### गहनों के रखरखाव में न करें ये गलती

हमेशा गहना पहनने के बाद ज्वेलरी में पानी न पड़ने दें, फेश या हैंड वॉशकरते वक्त गहनों को पानी से बचाएं। पानी पड़ने के बाद ज्वेलरी जल्द ही काले होने शुरू हो जाते हैं। कभी भी मेकअप लगाने से पहले गहने न पहनें, नहीं तो आपके कैमिकल बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट गहनों में लग जाएंगे और गहनों की चमक को खराब करेंगे। आर्टिफिशियल ज्वेलरी को हमेशा खुले में सजाकर न रखें, खुले में रखने से ज्वेलरी में हवा लगती है, जिससे गहनों की शाइन और कलर पर असर पड़ता है। एक साथ सभी गहनों को कभी न रखें, नहीं तो एक दूसरे की पॉलीश और कलर रिएक्ट होकर गहनों को काला करते हैं। चाहें तो जिपलॉक बैग में भी आप ज्वेलरी आइटम को स्टोर कर सकते हैं, यह बैग ज्वेलरी को हवा और नमी से बचाएगा।